दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




नई दिल्ली ।। शुक्रवार 14 जून -2024 | वर्ष : 8 अंक : 245 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3

# स्मार्ट पाठकों का स्मार्ट अखबार



## ई-पेपर की विशेषताएं

- फोन की स्टोरेज पर नहीं पड़ेगा कोई असर
- अखबार की पीडीएफ बनाने की सुविधा
- कलेंडर से प्राप्त करें पुरानी तारीख का अखबार
- खबर को सेव और क्रॉप करने का ऑप्शन
- खबर को सोशल मीडिया पर शेयर करने की सुविधा

रोजाना सुबह सोशल मीडिया के प्रमुख प्लेटफॉर्म पर अखबार का लिंक हो रहा है फॉरवर्ड

**जब एक क्लिक पर खुले आपका करंट क्राइम अखबार तो फिर एमबी का बोझ क्यों करे आपका स्मार्ट फोन स्वीकार**

https:// epaper.currentcrime.com/view/106/current-crime

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




नई दिल्ली ।। शुक्रवार 14 जून -2024 | वर्ष : 8 अंक : 245 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3




# राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्री पद का कार्यभार संभाला




**नई दिल्ली।** देश की 18वीं संसद के गठन के बाद राजनाथ सिंह ने एक बार फिर रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी संभाल ली है। गुरुवार के दिन दिल्ली में उन्होंने अपना कार्यभार संभाला। उन्हें लगातार दूसरी बार यह जिम्मेदारी दी गई है। 2014 में गृहमंत्री की जिम्मेदारी उठाने वाले राजनाथ सिंह 2019 से रक्षा मंत्रालय संभाल रहे हैं। लगातार दूसरी बार रक्षा मंत्रालय मिलने पर उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में उनका लक्ष्य देश को सुरक्षित रखने के अलावा आत्मनिर्भर भारत को आगे बढ़ाना होगा। इस तरह से वह देश की अर्थव्यवस्था में भी योगदान देने का लक्ष्य बना चुके हैं।

दूसरी बार रक्षा मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद राजनाथ सिंह ने कहा ₹पीएम मोदी ने एक बार फिर मुझे रक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी दी है। हमारी प्राथमिकताएं पहले की तरह ही रहेंगी। देश की सुरक्षा पर पूरा ध्यान रहेगा। हम एक मजबूत आत्मनिर्भर भारत बनाना चाहते हैं। रक्षा विनिर्माण में हम आत्म निर्भर होना चाहते हैं। हम 21,000 करोड़ से ज्यादा हथियार-सुरक्षा उपकरण का निर्यात कर चुके हैं। हमारा लक्ष्य अगले पांच साल में इस आंकड़े को 50,000 करोड़ तक ले जाना है। हमें अपनी तीनों सेनाओं थल सेना, जल सेना और वायु सेना पर गर्व है।₹

## धर्मेंद्र प्रधान ने भी संभाला कार्यभार

राजनाथ सिंह के अलावा धर्मेंद्र प्रधान ने भी शिक्षा मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने ठी३ परीक्षा में हुई कथित धांधली को लेकर कहा कि कोई घोटाला नहीं हुआ है। मामला कोर्ट में है और जांच हो रही है। मैं सभी बच्चों और उनके अभिवावकों को निश्चिंत करना चाहूंगा कि कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। हम लोग कोर्ट के आदेश को स्वीकार करेंगे। धर्मेंद्र प्रधान के साथ राष्ट्रीय लोक दल के जयंत चौधरी को भी शित्रा मंत्रालय में राज्य मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है।

# सीएम की वीसी के बाद आज होगी कमिश्नरेट में पुलिस अधिकारियों की फुल ब्रीफिंग

## फ्राई-डे, यूपीएससी परीक्षा, बकरीद और योगा डे को लेकर रहेगा अलर्ट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीषण गर्मी, योग दिवस और अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर प्रदेश के अलग-अलग जनपदों के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इसी बैठक का असर यह है कि शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों की एक मीटिंग रखी गई है। जिसमें फ्राइडे अलर्ट से लेकर 16 जून को होने वाली यूपीएससी परीक्षा, 17 जून को बकरीद का त्योहार और 21 जून को होने वाले योग दिवस को लेकर प्लानिंग की जाएगी कि सब कुछ शांति व्यवस्था के बीच संपन्न हो। सूत्र बता रहे हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई जिलों के कप्तान को फटकार लगाने के साथ ही सीयूजी नंबर ना उठाने, माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई और गरीबों के खिलाफ नुकसान नहीं होने के निर्देश दिए हैं। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन के डीसीपी स्तर के अधिकारियों को अधिक एक्टिव रहने का भी निर्देश लोकल अधिकारियों द्वारा जारी कर दिया गया है।

### पुलिस को रखनी है नजर, सड़क पर नहीं हो नमाज और नहीं काटे जाएं प्रतिबंधित पशु

करंट क्राइम : लखनऊ में जिस तरीके से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि त्योहारों के दृष्टिगत कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत रखी जाए। आस्था का पूरा सम्मान हो लेकिन नई परंपरा को प्रोत्साहन नहीं दिया जाए। सड़क पर नमाज नहीं होने दी जाए, बकरीद पर प्रतिबंधित पशु कटे तो कार्रवाई होगी। कुबार्नी के लिए स्थान का चिन्ह्यांकन पहले ही होना चाहिए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया है कि वाहन सरकारी हो या किसी प्राइवेट प्रेशर हॉर्नर अथवा हूटर स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही भ्रष्टाचार पर मुख्यमंत्री की दो टूक बात निकाल कर आई है कि अनैतिक लेनदेन की शिकायत मिली तो करवाई शत प्रतिशत की जाएगी।

### चुनाव के बाद होगी कमिश्नरेट में पहली शीर्ष बैठक

करंट क्राइम : पुलिस के बेहद करीबी सूत्रों से जानकारी मिली है कि चुनाव प्रक्रिया समाप्त होने के बाद शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस कमिश्नर से लेकर एसीपी स्तर और तीनों जोन के डीसीपी के साथ ही एडीसीपी स्तर के अधिकारियों की यह पहली बैठक होगी। जिसमें कानून व्यवस्था और आगामी रूपरेखा तैयार की जाएगी ताकि यूपीएससी की परीक्षा, बकरीद का त्योहार और 21 जून को वर्ल्ड योगा डे का आयोजन शांतिपूर्वक संपन्न कराया जा सके इसको लेकर मंत्रणा होनी है।

# नगर निगम ने पांचों जोन में शुरू किया सम्पत्ति पैमाइश का कार्य

**नगर आयुक्त ने की संपत्ति के सेल्फ एसेसमेंट की अपील**
**टैक्स विभाग ने जारी किये 2193 नोटिस**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर नगर निगम के टैक्स विभाग द्वारा संपत्ति रिव्यू का कार्य तेजी से चल रहा है। प्रत्येक जोन में संबंधित जोनल प्रभारी की टीम संपत्ति का स्थलीय निरीक्षण कर टैक्स रिव्यू का कार्य कर रही है। समय-समय पर वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर जाकर संपत्ति की जांच कर टैक्स का रिव्यू करने का कार्य कर रहे हैं। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव भी स्वयं जाकर कई संपत्तियां का स्थलीय निरीक्षण कर चुके हैं। मोहननगर जोन के राजेंद्र नगर क्षेत्र में जोनल प्रभारी ने कई संपत्ति का रिव्यू किया जिसमें बड़े हुए क्षेत्रफल के अनुसार संपत्ति कर लगाने के निर्देश भी दिये गये।



नगर निगम अधिनियम 222 के अंतर्गत संपत्ति रिव्यू की कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। समस्त जोनल प्रभारियों ने लगभग 2193 नोटिस भी जारी किए हैं। साहिबाबाद इंडस्ट्रियल ...

शेष, पृष्ठ 6

# स्वीट्स की दुकानों के चिकने पानी से हो रही हैं शहर की सीवर लाइनें चोक

**बड़े प्रतिष्ठानों के निरीक्षण में मिली खामियां महापौर सुनीता दयाल ने दिए कार्रवाई के निर्देश**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** निगम क्षेत्र में कोई भी समस्या हो या फिर किसी भी विषय पर शिकायत मिलने, कहीं कोई गलत कार्य होने की जानकारी पर महापौर सुनीता दयाल तत्काल उस पर अमल करते हुए कार्रवाई करती हैं। सुनीता दयाल के मेयर बनने के बाद ऐसे कई मामले सामने आये जिन पर उन्होंने सख्ती से संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की। ऐसा लगता है कि बिना किसी दबाव या सिफारिश के जनहित के कार्यों में रुचि लेना उनकी आदत में शुमार है। अभी हाल ही में एक नया मामला उनके संज्ञान में आते ही उस पर उन्होंने काम करना शुरू कर दिया है। महापौर सुनाता दयाल को पता चला कि शहर में मिष्ठान की दुकानों द्वारा चिकनाईयुक्त पानी को सीधा सीवर लाइन में डाला जा रहा है जिससे सीवर चोक हो जाते हैं। महापौर ने तुरंत जलकल विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर जांच कराई जिसमें अवर अभियंता अजय कुमार ने निरीक्षण में दुकानों से जा रहे वेस्ट चिकने पानी को देखा गया, सीवर चैक कराये गये तो पाया कि पूरा सीवर चिकनाई से भरा हुआ था जिससे सीवर लाइन चोक हो जाती है जबकि ऐसी दुकानें जिनमें चिकनाई निकलती है जैसे स्वीटस, रेस्टोरेंट, गाड़ी धुलाई की शॉप, एवं अन्य पर ईटीपी (एफलवेंट ट्रीटमेंट....

शेष, पृष्ठ 8

# भाजपा के पूर्व सांसद ने कहा, पूरब पर मेहरबानी से बिगड़ा पश्चिम का गणित

## उन सीटों पर भी मिली हार जहां पहना जा सकता था जीत का हार



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा चुनावों के नतीजे के बाद अगर सियासत में कहीं फजीते वाला सीन हुआ है तो वो पश्चिमी उत्तर प्रदेश है। यहां भाजपा को उन सीटों पर भी हार मिली जहां उसने जीत का हार पहना था। बड़ी बात यह है कि हार के बाद भी भाजपा में तकरार का सीन समाप्त नहीं हो रहा है। संगीत सोम और बाल्यान की जुबानी जंग का रंग अभी तक जारी है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा की सीटें कम रह गईं और कई सीटें तो ऐसी थीं जहां भाजपा जीत तो गई लेकिन उसे जीत के लिए जद्दोजहद करनी पड़ी। भाजपा के कई दुर्ग ऐसे हैं जिनमें सेंध लग गई है। अब इस स्थिति के लिए कौन जिम्मेदार है इसको लेकर मंथन हो रहा है। भाजपा में एक व्यक्ति कभी भी नीति निर्धारक नहीं होता है और यहां सामूहिक फैसला होता है और सामूहिक मंथन होता है। चुनाव नतीजे आने के बाद भाजपा के पुराने दिग्गज भी अपने नजरिए से बता रहे हैं कि यह हाल क्यों हुआ है। बालेश्वर त्यागी खुलकर लिख रहे हैं, वहीं भाजपा के एक पूर्व सांसद ने अपना नाम न छापने की शर्त पर कहा कि केवल काम या राम नहीं बल्कि यहां पूरब पर मेहरबानी ने भी पश्चिम का गणित बिगाड़ा है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नेताओं को हाशिए पर रखना और पूरब के नेताओं को तवज्जो देने का भी परिणाम पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आया है। पूर्व सांसद ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पूरब के अधिकारी तैनात होते हैं। ये अधिकारी एक अलग मानसिकता के साथ काम करते हैं। वो पूरब वालों को तवज्जो देते हैं और पश्चिम क्षेत्र के नेताओं को हाशिए पर रखते हैं। वो कोई काम बताएं तो उसे नहीं करते हैं। वहीं पश्चिम के नेताओं को लखनऊ में इंतजार कराया जाता है और पूरब के नेताओं को प्राथमिकता मिलती है। ये सीन यहां की राजनीति में भी आ गया और फिर ये हुआ कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ता का मनोबल गिर गया। पूर्व सांसद ने कहा कि पूरब और पश्चिम के इस गणित को गहनता से समझने की जरूरत है। पूरब पर हुई मेहरबानी ने पश्चिम का गणित बिगाड़ दिया और शीर्ष नेता अब भी इस बात को समझ जाएं तो बेहतर होगा।



# शुरू हो जाते लोनी में दो फायर स्टेशन, तो बच जातीं पांच की जिंदगियां

## तीन मंजिला मकान में नहीं था वेंटिलेशन का प्रबंध और संकरी गली में फंस गई थीं दमकल की गाड़ियां

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोनी के बैहटा हाजीपुर गांव में आग लगने से दर्दनाक हादसे में पांच लोगों की जान बच जाती अगर समय रहते लोनी में सालों से लंबित चल रहे दो फायर स्टेशन का निर्माण हो गया होता। वर्तमान में लोनी में अस्थाई फायर स्टेशन चला कर प्रतिदिन होने वाले अग्नि हादसों पर काबू पाने का काम किया जा रहा है। वहीं बुधवार की रात बैहटा हाजीपुर में आग लगने से तीन मंजिला मकान में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत का दर्दनाक हादसा कई सवाल भी उठा रहा है। इस दर्दनाक हादसे पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संवेदना और पीड़ित परिवार की हर संभव मदद का निर्देश दिया है। तो वहीं दमकल विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों की अब तक की जांच बता रही है कि जिस मकान में यह अग्निकांड हुआ है वहां नियम और कायदे ताक पर रखकर व्यावसायिक गतिविधियां की जा रही थीं।

करंट क्राइम फॉलोअप



**सालों से फाइलों में दबा है फायर स्टेशन का प्रावधान**

### संकरी सीढ़ियां और नहीं था बाहर निकलने के लिए दूसरा गेट

करंट क्राइम : लोनी के बैहटा हाजीपुर गांव में तीन मंजिला मकान में कुल पांच लोगों की मौत हुई। इस घर के अंदर कुल 7 सदस्य थे। इसमें मकान मालिक साजिद की पत्नी फरहीन (25 साल), सात महीने का बेटा सीज, बहन नाजरा (35 वर्ष), बहनोई सैफ (36 वर्ष), भांजी इसरा (4 वर्ष), भांजा अर्श (4 वर्ष) और उज्मा थे। उज्मा अपनी बहन नाजरा के बेटे अर्श रहमान को गोद में उठाकर लेकर तीसरी मंजिल छत पर पहुंच गई और इस वजह से दोनों बच गए। हालांकि वे भी झुलस गए। इस अग्निकांड के वक्त साजिद दूध लेने के लिए बाजार गया हुआ था। जब तक वो लौटा तो घर में आग लगी हुई थी।



### अग्नि हादसे में मिली कई तरह की लापरवाहियां : राहुल पाल

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया है कि लोनी इलाके में जो यह हादसा हुआ है, इसमें कई तरह की लापरवाहियां अब तक की जांच के बाद सामने आई हैं। उन्होंने बताया है कि जिस तीन मंजिला मकान में व्यावसायिक गतिविधियां चल रही थीं वहां वेंटिलेशन को लेकर कोई व्यवस्था नहीं थी। मकान बेहद संकरी गली में था, जिसकी वजह से वहां फायर टेंडर की गाड़ियां नहीं पहुंच पा रही थीं। साथ ही मकान में चढ़ने के लिए जो सीढ़ियां बनी थी उनकी लंबाई और चौड़ाई बेहद कम थी। अमूमन मकान में दो फीट के आसपास की सीढ़ियां होनी चाहिए, जो नियमों को ताक पर रखकर बनाई गई थी। इसके साथ ही सीएफओ ने यह भी जानकारी दी है कि मकान में मुख्य दरवाजे के अलावा अन्य कोई एग्जिट गेट नहीं था। इसी के साथ मकान के भीतर फोम और कपड़े का अत्यधिक सामान भरा हुआ था, जिसकी वजह से आग इतनी तेजी से फैली कि आग में फंसे परिजनों को निकालने का सीढी मार्ग से कोई रास्ता भी नहीं मिल सका।

### सालों से लंबित चल रहे हैं लोनी के दो दमकल स्टेशन


करंट क्राइम : पुलिस विभाग के सूत्रों से जानकारी मिली है कि लोनी क्षेत्र आबादी के लिहाज से बेहद बड़ा है। यह साहिबाबाद और वैशाली से लंबी दूरी पर है। इस लिहाज से यहां सालों पहले फायर स्टेशन की मांग विभाग के अधिकारी जनप्रतिनिधि कर चुके हैं। बीते कई सालों से यह प्रक्रिया ठंडे बस्ते में चल रही है। जानकारी मिली है कि लोनी के ट्रोनिका सिटी इलाके में एक फायर स्टेशन यूपीसीडा द्वारा बनाने के साथ ही दूसरा फायर स्टेशन रूप नगर लोनी में शासन द्वारा बनाया जाना था लेकिन यह बीते कई सालों से लंबित चल रहा है। इसको लेकर अभी जमीन चिन्हित करने से लेकर अन्य कार्य शासन स्तर पर लंबित पड़े हुए हैं।



### अस्थाई फायर स्टेशन के भरोसे है लोनी में लाखों की आबादी

करंट क्राइम : लोनी इलाका जनसंख्या के हिसाब से बेहद विस्तृत माना जाता है। यहां लाखों की संख्या में आबादी है मिश्रित आबादी और मध्यम वर्गीय मकान की संख्या बहुतायत में है। इसके बावजूद यहां आग से बचाव को लेकर पुलिस, प्रशासन और शासन की जो नीति है वह बेहद चिंताजनक बनी हुई है। अभी तक लोनी में अस्थाई फायर स्टेशन के जरिए ही आग बुझाने का काम किया जाता है। जबकि बीते एक दशक में लोनी में बड़ी संख्या में दिल्ली व आसपास की छोटी बड़ी फैक्ट्रियां व लघु उद्योग को तेजी से लगाया गया है। बावजूद यहां आग से बचाव व सेफ्टी प्रबंध नहीं किए गए हैं। बुधवार को लोनी के बैहटा हाजीपुर स्थित एक मकान में जो गंभीर हादसा हुआ है वह सवाल खड़े करता है कि आखिर इतनी बड़ी आबादी की जान क्यों जोखिम में डाली जा रही है। कोई अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस ओर गंभीरता से ध्यान क्यों नहीं दे रहा है।

# विकास, सुशासन और जन कल्याण के नए मानदंड स्थापित करेगा अरुणाचल : सीएम योगी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अरुणाचल प्रदेश में नवगठित सरकार में सीएम पद की शपथ लेने पर पेमा खांडू को शुभकामनाएं दी है। योगी आदित्यनाथ ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए विश्वास जताया है कि अरुणाचल प्रदेश में नई सरकार समृद्धि, विकास, सुशासन और जन कल्याण के नए मानदंड स्थापित करेगी। सीएम योगी ने अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उप मुख्यमंत्री चाउना मीन को पदग्रहण करने की शुभकामनाएं देते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में दोनों नेताओं का कार्यकाल सफल होगा और इनके नेतृत्व में राज्य समृद्धि, विकास, सुशासन और जन कल्याण के नए मानदंड स्थापित करेगा। बता दें कि भाजपा नेता पेमा खांडू ने गुरुवार को एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता चाउना मीन उपमुख्यमंत्री बनाए गए हैं। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के लिए 19 अप्रैल को मतदान कराया गया था। 4 जून को विधानसभा चुनाव के नतीजे आए, जिसमें भाजपा ने 46 सीटें जीतीं। हालांकि, मतगणना से पहले ही 10 सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार निर्विरोध चुन लिए गए थे।

# नीट में नहीं हुआ कोई भ्रष्टाचार : शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट में किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार से इनकार किया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो घटना हमारे सामने आई है, निश्चित तौर पर उसमें दोषियों को दंड दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नीट में 24 लाख छात्र शामिल हुए थे। अभी सुप्रीम कोर्ट के समक्ष जो मसला चल रहा है, सरकार ने उसमें अपना पक्ष रखा है। लेकिन, यह मामला सिर्फ 1,550 छात्रों का है। उन्होंने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी देश में कई सफल परीक्षाएं आयोजित करवाती है। धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को शिक्षा मंत्री का कार्यभार संभाला। इस दौरान उन्होंने नीट से जुड़े मसले पर अपनी बात कही। उन्होंने कहा कि कुछ ग्रेटर प्रश्न उठाए गए हैं। सरकार उन प्रश्नों का संतुष्टि के साथ उत्तर देने के लिए प्रामाणिकता के साथ खड़ी है। कुछ खास घटनाएं जो सामने आई हैं, सरकार ने उसे गंभीरता से लिया है। इस मामले में शिक्षाविदों की एक कमेटी बनाई गई है। कमेटी ने कुछ सिफारिश भी दी है। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक इन सिफारिश के आधार पर कोर्ट के समक्ष भी तथ्यों को रखा जाएगा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के कामकाज पर संतोष व्यक्त करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से ही एनटीए का गठन हुआ है। एनटीए आज तीन बड़े एग्जाम सफलतापूर्वक करवाती है। इनमें नीट, जेईई और सीयूईटी शामिल हैं। इतने बड़े देश में जब 13 भाषाओं में परीक्षा होगी, विश्व के कई देशों में परीक्षा केंद्र होंगे। कई प्रकार के स्टूडेंट उसमें हिस्सा लेते हैं, जो घटना हमारे सामने आई है, निश्चित तौर पर दोषियों को उसमें दंड दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मैं अभिभावकों और छात्रों को आश्वस्त करना चाहूंगा कि भारत सरकार और उसका इंस्ट्रूमेंट, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी बिल्कुल कमिटेड है। विपक्ष ने नीट में घोटाला का आरोप लगाते हुए कहा है कि मामला संसद में उठाया जाएगा। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने आरोप लगाया कि नीट का पेपर लीक हुआ है। मामले की सीबीआई जांच करवाई जाए। यदि सरकार सीबीआई जांच के लिए तैयार नहीं है तो सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में पूरे मामले की जांच हो।

## न्यूज डायरी

### दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दिया हलफनामा, कहा-टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर सकते



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पानी की किल्लत को लेकर जारी राजनीतिक संग्राम के बीच गुरुवार को केजरीवाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। अपने हलफनामा में बताया कि हम मजबूर हैं। हम टैंकर माफिया के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं कर सकते। वजह यह है कि टैंकर माफिया दिल्ली से नहीं, बल्कि हरियाणा से संचालित होते हैं, जिसकी वजह से हमारे हाथ बंधे हुए हैं। दिल्ली सरकार ने अपने हलफनामा में बताया, टैंकर माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करना हमारे क्षेत्राधिकार में नहीं आता है। अगर आता तो हम अब तक उनके विरुद्ध कार्रवाई कर चुके होते। हरियाणा सरकार को बताना चाहिए कि वो दिल्ली को पानी मुहैया कराने की दिशा में क्या कुछ कदम उठा रही है? क्योंकि, यहां लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। दिल्ली जल बोर्ड ने राष्ट्रीय राजधानी में पानी की आपूर्ति के लिए पूरी रूपरेखा तैयार की है, जिसे जल्द ही धरातल पर उतारा जाएगा। यह ब्लूप्रिंट दिल्ली में पानी की किल्लत को देखते हुए तैयार किया गया है। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यों के बीच यमुना जल का बंटवारा एक जटिल मुद्दा है। जिस पर सभी पक्षों के साथ विस्तृत बातचीत के बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचा जा सकेगा। कोर्ट ने कहा कि पानी का बंटवारा अपर यमुना रिवर फ्रंट पर छोड़ देना चाहिए। अपर यमुना फ्रंट ने दिल्ली सरकार से मानवीय आधार पर पहले ही 152 क्यूसेक पानी दिए जाने का अनुरोध किया है। बता दें कि बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में पानी की किल्लत पर सुनवाई की थी। जिसमें दिल्ली सरकार से इस संबंध में कई तीखे सवाल किए गए थे। दिल्ली सरकार से पूछा गया था कि आखिर आपने अभी तक वाटर टैंकर माफिया के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की? दिल्ली में पानी का संकट अपने चरम पर है, लेकिन आप हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए हैं? जब आपको पता था कि हर साल गर्मी का मौसम आते ही दिल्लीवासियों को पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसना पड़ जाता है, तब भी आप खामोश रहे, आखिर क्यों? आपने दिल्ली में पानी की बबार्दी रोकने के लिए क्या किया? दिल्ली की मौजूदा स्थिति को देखकर तो ऐसा ही लगता है कि आपने अभी तक कुछ नहीं किया है। सुप्रीम कोर्ट से फटकार खाने के बाद दिल्ली सरकार ने गुरुवार को पानी की किल्लत के संबंध में हलफनामा दाखिल किया, जिसमें उन्होंने विस्तार से अपनी मजबूरियों के बारे में बताकर अपना बचाव किया। टैंकर माफियाओं के वर्चस्व का अंदाजा आप महज इसी से लगा सकते हैं कि वो दिल्ली के लोगों को पानी देने के एवज में अपने मनमुताबिक उनसे पैसे ऐंठ रहे हैं। कई लोगों ने खुद सामने आकर इस संबंध में शिकायत दर्ज करवाई है, लेकिन आलाधिकारी इस पर मौन साधे हुए हैं। वहीं दिल्ली में जारी पानी की किल्लत को लेकर राजनीतिक गलियारों में सियासत अपने चरम पर है। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि हरियाणा दिल्ली को पानी नहीं दे रहा है, जबकि बीजेपी का कहना है कि हरियाणा तो पर्याप्त मात्रा में पानी मुहैया करा रहा है, लेकिन यहां केजरीवाल सरकार के संरक्षण में पल रहे वाटर टैंकर माफिया पानी चुरा रहे हैं, जिसकी वजह से लोगों को पानी के घनघोर संकट का सामना करना पड़ रहा है।

### जमीन घोटाले में झामुमो नेता अंतु तिर्की सहित 10 आरोपियों की बढ़ी मुश्किल




**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता अंतु तिर्की सहित 10 अभियुक्तों के खिलाफ ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर पीएमएलए स्पेशल कोर्ट ने गुरुवार को संज्ञान लिया है। इन आरोपियों के खिलाफ चार्ज फ्रेम होने के बाद मुकदमे की सुनवाई होगी। आरोपियों में कोलकाता स्थित रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के ऑफिस के दो कर्मी संजीत कुमार एवं तापस घोष, हजारीबाग निवासी डीड राइटर मो. इरशाद, जमीन कारोबारी अफसर अली, प्रियरंजन सहाय, सद्दाम हुसैन एवं बिपिन सिंह शामिल हैं। इन सभी को ईडी ने पिछले महीने गिरफ्तार किया था। बाद में एजेंसी ने झामुमो नेता अंतु तिर्की सहित कई अभियुक्तों को रिमांड पर लेकर उनसे पूछताछ की थी। जमीन घोटाले में ईडी द्वारा 2023 में की गई छापेमारी में इनमें से कुछ अभियुक्तों के यहां से बड़ी संख्या में फर्जी डीड बरामद किए गए थे। जांच के दौरान इस बात की पुष्टि हो चुकी है कि इनमें से कई जमीनों के मूल दस्तावेज कोलकाता स्थित रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के ऑफिस से गायब कर जमीन माफिया को उपलब्ध कराए गए और इसके बाद इन दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर फर्जी डीड तैयार किए गए। एजेंसी की ओर से दाखिल की गई चार्जशीट में झामुमो नेता अंतु तिर्की सहित अन्य आरोपियों को घोटाले में संलिप्त बताया गया है। चार्जशीट के मुताबिक सभी आरोपियों ने आपसी मिलीभगत से जमीन के मूल दस्तावेज में हेराफेरी कर प्रतिबंधित श्रेणी की जमीन को प्रतिबंध मुक्त किया। इसके बदले में भारी मात्रा में राशि की लेन-देन की गई। आरोपियों में शामिल झामुमो नेता अंतु तिर्की पार्टी के महानगर अध्यक्ष रह चुके हैं। वर्ष 2019 में उन्होंने झामुमो छोड़कर झारखंड विकास मोर्चा के टिकट से रांची की खिजरी सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ा था। वह लंबे समय से जमीन का कारोबार करते रहे हैं। बता दें कि जमीन घोटाले के इसी मामले में झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन, रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन सहित एक दर्जन से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### समस्याओं का समाधान करना सरकार का काम, तेजस्वी को परिवार के लोग बनाना चाहते हैं सीएम : नितिन नवीन

**पटना।** बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कई मुद्दों पर अपनी राय रखी। इस दौरान उन्होंने बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि तेजस्वी को जनता नहीं, बल्कि उनके परिवार के लोग मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। बिहार सरकार के मंत्रियों को प्रभारी मंत्री बनाए जाने पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का समुचित समाधान करना सरकार का दायित्व होता है। इसके मंत्रियों के माध्यम से इस बात की समीक्षा होती है कि सरकार के सभी विकास कार्य जनता तक पहुंच रहे हैं या नहीं। भाजपा की समीक्षा बैठक पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि बैठक में हम हार और जीत दोनों पर समीक्षा करते हैं। सभी राज्यों में इन दिनों समीक्षा का दौर चल रहा है। हम इस बात की समीक्षा करते हैं कि कहां कमियां रह गईं और कमियों को कैसे दूर किया जाए। '2025 में मैं मुख्यमंत्री बन जाऊंगा', तेजस्वी यादव के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि वह बहुत ज्यादा ओवर कॉन्फिडेंट हो चुके हैं। तेजस्वी यादव 2025 का इंतजार क्यों कर रहे हैं, घर में मुख्यमंत्री का बोर्ड लगाकर कुर्सी पर बैठ जाएं। उन्हें बिहार की जनता नहीं, परिवार के लोग मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। जनता जानती है कि राजद के शासनकाल में क्या-क्या हुआ और आगे क्या हो सकता है।

# शेख शाहजहां के काले धन को सफेद करने वाले चार लोगों का पता लगा रही ईडी



**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) शेख शाहजहां के काले धन को सफेद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली दो महिलाओं सहित चार लोगों की तलाश कर रही है। यह जानकारी सूत्रों ने दी है। इनकी पहचान जया शॉ, राबेया बीबी मोल्ला, प्रताप बिस्वास और जॉर्ज कुट्टी के रूप में हुई है। ये सभी फिलहाल फरार हैं। ईडी इनका पता लगाने का प्रयास कर रही है। सूत्रों ने कहा कि दस्तावेजों की जांच से पता चला है कि शाहजहां और उसके परिजनों ने इन चारों के साथ कई लेन-देन किए हैं। सूत्रों ने कहा कि ईडी के अधिकारी उनके ठिकानों का पता लगाने के लिए अन्य केंद्रीय एजेंसियों की मदद ले रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि ईडी के अधिकारी फरार चल रहे शाहजहां के छोटे भाई शेख सिराजुद्दीन को भी पकड़ने का प्रयास कर रहे हैं। बताया जाता है कि सिराजुद्दीन अपने बड़े भाई के मछली निर्यात व्यवसाय को संभालता था। इसके जरिए अवैध स्त्रोतों से प्राप्त धन को डायवर्ट किया जाता था। सूत्रों ने बताया कि ईडी के अधिकारी यह स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं कि करोड़ों रुपये के राशन वितरण मामले में धन का एक हिस्सा शाहजहां के मछली पालन और मछली निर्यात व्यवसाय में निवेश के माध्यम से कैसे चैनलाइज किया गया था। सूत्रों ने बताया कि शाहजहां सहित 50 व्यक्तियों के खातों की किताबें वर्तमान में केंद्रीय एजेंसी की जांच के दायरे में हैं। जांच अधिकारियों को इन लोगों के खिलाफ राशन-वितरण मामले में आय प्राप्त करने का सुराग मिला है। ईडी इनमें से कुछ से पूछताछ के लिए समन भी भेजने की तैयारी कर रही है। ईडी ने राशन-वितरण मामले में पूछताछ के लिए लोकप्रिय बंगाली फिल्म अभिनेत्री रितुपर्णा सेनगुप्ता को पहले ही दो समन भेजे हैं। हालांकि, वह अभी तक ईडी के समक्ष पेश नहीं हुई हैं। शेख शाहजहां को फरवरी में गिरफ्तार किया गया था और तब से वह जेल में है। गिरफ्तारी के बाद उसे तृणमूल कांग्रेस ने निलंबित कर दिया था।

# पीएम मोदी के लिए अच्छा मौका है, इस्तीफा देकर देश में एक साथ करा लें चुनाव : संजय सिंह



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव', एनडीए के घटक दलों के मंत्रालय बंटवारे और जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी घटना को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। आईएएनएस से गुरुवार को बातचीत करते हुए संजय सिंह ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के लिए इससे अच्छा क्या मौका होगा। वह पीएम पद से इस्तीफा देकर पूरे राष्ट्र का चुनाव एक साथ करवा लें। भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं है। उनकी 240 लोकसभा सीट आई है। ऐसे में कोशिश करें पूरे देश का चुनाव और लोकसभा चुनाव फिर से करवा लें। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और उनकी पार्टी को लगता है कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' होना चाहिए। ऐसे में वह राज्य की सारी सरकारें और केंद्र सरकार को भंग कर दें। अभी तत्काल एक साथ सारे चुनाव करवा दें। उनके लिए यह एक बेहतरीन मौका है। एनडीए के घटक दलों के मंत्रालय बंटवारे को लेकर संजय सिंह ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि एनडीए में सब ठीक नहीं है, इसका कारण है कि एनडीए के सहयोगी दलों को भाजपा ने 'झुनझुना मंत्रालय' थमा दिया। आपने ना तो रेल मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, कृषि मंत्रालय, सड़क और ना ही वाणिज्य मंत्रालय सहयोगी को दिया। सहयोगी दलों को कोई बड़ा मंत्रालय नहीं दिया गया।

# झारखंड में कैबिनेट के दो रिक्त बर्थ पर नए मंत्रियों की नियुक्ति जल्द




**रांची।** झारखंड में चंपई सोरेन सरकार के कैबिनेट में दो रिक्त बर्थ पर जल्द ही नए मंत्रियों की नियुक्ति की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी एवं गांडेय विधानसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन के अलावा कांग्रेस कोटे से एक विधायक को मंत्री बनाया जाएगा। गुरुवार को झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सीएम चंपई सोरेन से मुलाकात की। माना जा रहा है कि इस दौरान लोकसभा चुनाव के बाद बनी सियासी परिस्थितियों और मंत्रिमंडल को लेकर भी चर्चा हुई है। सूत्रों के अनुसार, विधानसभा का मॉनसून सत्र आहूत होने के पहले मंत्रिमंडल का विस्तार कर लिया जाएगा। सरकार में नंबर दो की हैसियत रखने वाले कांग्रेस कोटे के मंत्री आलमगीर आलम को ईडी ने टेंडर कमीशन घोटाले में 15 मई को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं। जेल जाने के कई दिनों बाद भी उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया तो सरकार पर सवाल उठने लगे। इसके बाद 7 जून को सीएम चंपई सोरेन ने आलमगीर आलम की जिम्मेदारी वाले सभी विभाग वापस ले लिए। आखिरकार आलमगीर आलम ने 10 जून को मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। अब उनकी जगह कांग्रेस कोटे से जिन विधायकों के नाम मंत्री पद के दावेदारों में सामने आए हैं, उनमें जामताड़ा के विधायक डॉ. इरफान अंसारी और महगामा की विधायक दीपिका पांडेय सिंह प्रमुख हैं। मंत्री पद के लिए डॉ. इरफान अंसारी की दावेदारी के दो आधार हैं। पहला यह कि आलमगीर आलम सरकार में मुस्लिम अल्पसंख्यक चेहरा थे, इसलिए उनका रिप्लेसमेंट इसी समुदाय से हो सकता है। दूसरा यह कि लोकसभा चुनाव में इरफान अंसारी के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 'इंडिया' गठबंधन के प्रत्याशी नलिन सोरेन को करीब 50 हजार मतों की बढ़त मिली है। कांग्रेस की विधायक दीपिका पांडेय सिंह को पार्टी ने लोकसभा चुनाव में गोड्डा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाने की घोषणा की थी, लेकिन तीन-चार दिनों के बाद ही उन्हें ड्रॉप कर उनकी जगह प्रदीप यादव को प्रत्याशी बनाया गया था। टिकट कटने के बावजूद दीपिका पांडेय सिंह ने सधी हुई प्रतिक्रिया दी थी और कांग्रेस नेतृत्व के फैसले पर रजामंदी जताई थी। पार्टी सूत्रों का कहना है कि मंत्री पद के लिए उनकी दावेदारी पर भी विचार चल रहा है। आलमगीर आलम ने मंत्री पद के साथ-साथ कांग्रेस विधायक दल का नेता पद भी छोड़ा है। ऐसे में इन दोनों विधायकों में से एक को मंत्री और दूसरे को विधायक दल का नेता बनाया जा सकता है। झारखंड में कैबिनेट में अधिकतम 12 मंत्री हो सकते हैं। 12वें मंत्री का बर्थ पहले से खाली चला आ रहा है। अब यह बर्थ नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन को आवंटित हो सकता है, क्योंकि वह लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के दौरान गठबंधन के सबसे बड़े चेहरे के तौर पर उभर कर सामने आईं।

# अजित पवार की पत्नी ने राज्यसभा चुनाव के लिए दाखिल किया नामांकन



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने राज्यसभा चुनाव के लिए एनसीपी उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया है। सुनेत्रा पवार ने हाल ही में बारामती निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ा था, जहां उनका मुकाबला मौजूदा सांसद और शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले से था। सुनीता पवार को 1.58 लाख वोटों के बड़े अंतर से हार का सामना करना पड़ा। सुनीता पवार के नामांकन दाखिल करने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री छगन भुजबल ने कहा कि पार्टी के कोर ग्रुप के सदस्यों ने सर्वसम्मति से सुनेत्रा पवार को राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने का फैसला किया है। मेरे सहित कई लोग वह सीट चाहते थे लेकिन चर्चा के बाद हमने फैसला किया कि सुनेत्रा पवार को राज्यसभा भेजा जाना चाहिए। मैं इस फैसले से बिल्कुल भी निराश नहीं हूं। सुनेत्रा पवार को राज्यसभा सीट के लिए कई दावदारों के बीच से चुना गया है, जिनमें उपमुख्यमंत्री समीर भुजबल के बड़े बेटे पार्थ पवार और बाबा सिद्दीकी शामिल हैं। सुनेत्रा पवार को राज्यसभा भेजे जाने के फैसले के पीछे पार्टी में महिला प्रतिनिधित्व को बढ़ाने और बारामती क्षेत्र में अपनी मजबूत स्थिति दर्ज कराने के तौर पर देखा जा रहा है। महाराष्ट्र में एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल की इस्तीफे से खाली हुई सीट पर 25 जून को मतदान होना है। पिछले साल जुलाई में एनसीपी में बगावत हो गई थी। जिसके बाद अजित पवार और विधायक एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हो गए। पार्टी पर वर्चस्व की लड़ाई में अजित पवार को असली एनसीपी माना गया। चुनाव आयोग ने पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह उनके नेतृत्व वाले गुट को आवंटित कर दिया। अब शरद पवार उस गुट के मुखिया हैं जिसे एनसीपी (एसपी) नाम दिया गया है।

# बंगाल में भाजपा की भावी चुनावी रणनीति के लिए कांथी व तामलुक हो सकते हैं पैमाना



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्वी मिदनापुर जिले में 2016 के विधानसभा चुनाव से लेकर 2024 के लोकसभा चुनाव तक भाजपा के प्रदर्शन का सांख्यिकीय विश्लेषण बताता है कि कांथी और तामलुक संसदीय क्षेत्र पार्टी की भावी चुनावी रणनीतियों के लिए मानक हो सकते हैं। लोकसभा चुनाव परिणामों का विधानसभावार ब्योरा दिखाता है कि पूर्वी मिदनापुर के 14 विधानसभा क्षेत्रों में, कांथी और तामलुक के अंतर्गत सात-सात क्षेत्रों में से भाजपा उम्मीदवार 13 पर आगे थे। कांथी लोकसभा के अंतर्गत पटाशपुर एकमात्र अपवाद था, जहां सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस आगे थी। 14 में से 13 विधानसभा क्षेत्रों में मिली बढ़त के चलते भाजपा ने कांथी और तामलुक की सीट तृणमूल कांग्रेस से छीन ली। 2019 के चुनाव में यहां से तृणमूल के उम्मीदवार विजयी हुए थे। उस समय भाजपा ने राज्य की 42 में से 18 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन 2019 में पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के मौजूदा नेता (एलओपी) सुवेंदु अधिकारी तृणमूल कांग्रेस के साथ थे। पूर्वी मिदनापुर जिले के मूल निवासी अधिकारी उस समय राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य थे। अगर 2016 के विधानसभा चुनावों से तुलना की जाए, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि भाजपा ने कैसे पिछले कुछ वर्षों में पूर्वी मिदनापुर जिले में अपने संगठनात्मक नेटवर्क को मजबूत किया है। 2016 में, भाजपा उम्मीदवारों को न केवल जिले के सभी 14 विधानसभा क्षेत्रों में हार का सामना करना पड़ा था, बल्कि वे सभी में तीसरे स्थान पर थे। तृणमूल कांग्रेस की जीत का सिलसिला 2019 के लोकसभा चुनावों में भी जारी रहा। इसमें सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवारों ने कांथी और तामलुक दोनों सीटों पर जीत हासिल की। इसके बाद 2020 में, अधिकारी भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा में उनके शामिल होने से पूर्वी मिदनापुर जिले में भगवा पार्टी का संगठनात्मक नेटवर्क मजबूत हुआ। 2021 के विधानसभा चुनावों में, भाजपा ने पहली बार पूर्वी मिदनापुर में सफलता का स्वाद चखा।

# ऑनलाइन ऑर्डर से मंगवाई आइसक्रीम में मिली इंसान की कटी उंगली, केस दर्ज

**मुंबई।** मुंबई के मलाड़ इलाके में आइसक्रीम खाने के दौरान एक शख्स के मुंह में मानव उंगली का टुकड़ा चला गया। आइसक्रीम में उंगली का टुकड़ा पहले से ही था। आइसक्रीम खाने के दौरान लगा कि यह आइसस्क्रीम का टुकड़ा हो सकता है, लेकिन उसका स्वाद बड़ा ही विचित्र था। उस टुकड़े को मुंह से बाहर निकालने के बाद पता चला कि वो किसी इंसान की उंगली है। पुलिस ने यम्मो आइसक्रीम के खिलाफ शिकायत दर्ज कर ली है। वहीं, उस टुकड़े को एफएसएल जांच के लिए भेजा गया जहां इस बात की पुष्टि हुई है कि वो मानव उंगली ही थी। शिकायतकर्ता ने ऑनलाइन ऐप जेप्टो से 3 युम्मो मैंगो आइसक्रीम का ऑर्डर किया था, लेकिन सुबह तकरीबन 10 बजे जेप्टो डिलीवरी बॉय उन्हें 2 यम्मो मैंगो आइसक्रीम और 1 यम्मो बटरस्कॉच आइसक्रीम दे गया। तकरीबन 1 बजे खाना खाने के बाद आइसक्रीम खाते समय शिकायतकर्ता को महसूस हुआ कि उसके मुंह में किसी चीज का टुकड़ा चला गया है, तो उसने वह टुकड़ा मुंह से बाहर निकाला और जांच करने पर पाया कि वह कील लगा हुआ मांस का टुकड़ा था। इससे उसे उल्टी जैसा महसूस हुआ। शिकायतकर्ता ने बताया, ह्लकल मैंने एक ऐप से तीन आइसक्रीम मंगवाई थी। उसमें से एक बटरस्कॉच आइसक्रीम यम्मो ब्रांड का था। मैं आइसक्रीम खा रहा था। मुझे इस बात का बिल्कुल भी एहसास नहीं था कि मेरे साथ ऐसा कुछ होने वाला है।

# नाना पटोले का दावा, मेरिट के आधार पर टिकट बांटते तो बेहतर रिजल्ट होता



**मुंबई।** लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि अगर लोकसभा चुनाव के दौरान महाविकास अघाड़ी में मेरिट के आधार पर सीटों का बंटवारा होता तो आज हम और बेहतर नतीजे लेकर आते, लेकिन अफसोस उस वक्त हमारी किसी ने नहीं सुनी। नाना पटोले ने कहा, मै दावे के साथ कहता हूं कि अगर आगामी विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी में मेरिट के आधार पर सीटों का बंटवारा होगा तो महाराष्ट्र की मौजूदा सरकार का पत्ता साफ है। मौजूदा मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना पड़ेगा। यह बात आप लिखकर ले लीजिए, इसलिए मैं अपने सभी सहयोगी दलों से मांग करूंगा कि वो मेरिट के आधार पर सीटों का बंटवारा करे, ताकि कहीं कोई विषम परिस्थिति ना पैदा हो। कोटे के आधार पर सीटों का बंटवारा ना हो, बल्कि इस बात पर विशेष जोर रहे कि किसे कहां पर उतारने से जीत मिलेगी। नाना पटोले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा, पीएम मोदी हर योजना अपने मित्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए बनाते हैं। इसी कड़ी में उन्होंने स्मार्ट सीटी योजना भी अपने मित्रों के हितों को देखते हुए ही बनाई थी। यह योजना जनता को अंधेरे में रखने वाली योजना है, जिसका हम विरोध करते हैं। जनता को अंधेरे में रखने वाली सरकार को जनता ही अंधेरे में रखेगी। सरकार को इसे बंद कर देना चाहिए। यह किसी भी स्थिति में जनता के हित में नहीं है। कांग्रेस पार्टी की यह मांग है। उन्होंने कहा, एकनाथ शिंदे को इस बात का जवाब देना चाहिए कि वो किसानों की सुध कब लेंगे। अकाल में फंसे किसानों को कोई भी मदद देने के लिए आगे नहीं आ रहा है। सरकार के संरक्षण में महाराष्ट्र में लगातार टैंकर माफिया फलीभूत हो रहे हैं। लोगों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। लोग गंदे पानी पीने को मजबूर हैं, जिसकी वजह से उन्हें कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन सरकार को इन सभी से कोई लेना देना नहीं है। अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं, दवाई नहीं है, बीमार लोगों का उपचार नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में एकनाथ शिंदे जी को यही कहना चाहूंगा कि वो सत्ता की नहीं, बल्कि लोगों की चिंता करें। अगर वो ऐसा करेंगे तो उनकी राजनीतिक स्थिति बेहतर होगी। उन्होंने आगे कहा, महाराष्ट्र सरकार किसानों के नाम पर योजनाएं बनाकर अपने नेताओं को फायदा पहुंचा रही है। यह लोग किसानों को मोहरा बनाकर लाखों करोड़ों रुपए डकार चुके हैं। मैं इस सरकार को हिदायत देना चाहूंगा कि वो ऐसा ना करे। लोगों के हित में काम करे, तो इस सरकार के लिए बेहतर रहेगा। सरकार को जनता की समस्याओं को सुनकर भागना नहीं चाहिए, बल्कि उसका समाधान करना चाहिए, ताकि स्थिति दुरूस्त हो सके।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। शुक्रवार 14 जून-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# गाजियाबाद में दो सरदारों से क्यों आगे नहीं बढ़ रही है सिख समाज की राजनीति



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वैसे तो सियासत का यह नियम है कि जिसकी जितनी भागीदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। यह नियम राजनीति में पुराना है और कभी प्रजा सोशलिस्ट पार्टी यानी प्रसोपा के समय यह नारा दिया गया था कि प्रसोपा ने बांधी गांठ पिछड़ा पावे सौ में साठ। राजनीति में गुण की बात, मैरिट की बात मंच से होती है लेकिन रीयल पंच यह है कि संगठन के पद से लेकर चुनाव के टिकट तक समीकरण जाति से सैट होता है। लेकिन गाजियाबाद की सियासत की बात करें तो यहां शुरुआत ही सिख समाज से हुई है। गाजियाबाद के पहले विधायक सरदार तेजा सिंह रहे हैं। आज के दौर की बात करें तो सिख समाज के लीडर ही गिनती के हैं और ये समाज टिकट के मामले में कंसीडर ही नहीं होता। सिख समाज की राजनीतिक भागीदारी भी है और हर दल में उसके नेता हैं लेकिन इस समाज के सरदार सियासत में टिकट वाली धारा में नहीं आ पाते। अगर नेताओं की बात करें तो भाजपा से लेकर कांग्रेस तक उसके पास दो एक्टिव नेता हैं सरदार एसपी सिंह और सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू से आगे सिख राजनीति नहीं आ रही है। तीस लाख की आबादी में ये दो नेता समाज की नुमाइंदगी कर रहे हैं।

## जब नहीं है कोई नाम तो कहां से मिले टिकट वाला मुकाम

करंट क्राइम। सिख समाज की राजनीति को अगर गौर से देखें तो ये सरोपों वाले सरोकार से आगे ही नहीं निकलती है। प्रधानमंत्री जब रोड शो में आए तो सरोपा और लोकसभा चुनाव हुआ तो उम्मीदवार को सरोपा। बात यह है कि चुनावी सरोकार कब होगा, अगर सिख समाज के नेताओं की बात करें तो यहां गिनती के नाम हैं। सपा की बात करें तो यहां कभी सरदार मनजीत सिंह एक्टिव थे लेकिन अब उन्होंने भी ट्रैक चेंज कर लिया है और वो अध्यात्म वाली बातें करते हैं। बसपा में सरदार एसपी ओबेरॉय थे और अब वो राजनीति के प्लेटफार्म से ही दूर हैं। हरप्रीत सिंह जग्गी की राजनीति को जीवन में नमक स्वादानुसार वाला कहा जा सकता है। अगर एक्टिव नेताओं की बात करें तो यहां रालोद के सरदार इंद्रसिंह जीत टीटू और भाजपा के सरदार एसपी सिंह हैं।

### फुल लाइफ चुनावी डगर तो क्या मिलेगा टिकट ऑफ नगर

करंट क्राइम। शहर में उपचुनाव हो रहा है और बात अगर सिख राजनीति की करें तो यहां सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू के नाम को इग्नोर नहीं किया जा सकता है। यूथ कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष से लेकर वो समाजवादी पार्टी के नेता रहे हैं, प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी रहे हैं। राष्ट्रीय लोकदल में राष्ट्रीय प्रवक्ता रहे हैं और मौजूदा समय में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। साफ-सुथरी छवि के साथ राजनीति की है और शहर का प्रतिष्ठित नाम माने जाते हैं। पूरी लाइफ राजनीति के ट्रैक पर है और इस चेहरे को क्या उपचुनाव में रालोद अपना उम्मीदवार बनाती है और भाजपा इस सीट को रालोद के लिए छोड़ती है यह देखने की बात है। ऐसे चेहरे को चुनावी रण में उतरने का मौका मिलना चाहिए। सिख समाज की भागीदारी भी होगी और सियासत के पुराने चेहरे की उम्मीदवारी भी होगी।

### भगवा सरदार कहें तो सही कि वो भी हैं टिकट के दावेदार

करंट क्राइम। सरदार एसपी सिंह पुराने भाजपाई हैं। महानगर संयोजक रहे हैं और उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य रहे हैं। यदि आज जेलों में पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब को नहीं रखा जाता तो यह सरदार एसपी सिंह की देन है। विनम्र और मधुर व्यवहार के मालिक सरदार एसपी सिंह दावेदारी से दूर हैं। उन्होंने अभी तक कोई दावेदारी नहीं की है। भाजपा में भी यह आवाज है कि भगवा सरदार खुद को टिकट का दावेदार बताएं तो सही।

### क्यों नहीं आगे आते हैं सियासत में सिख समाज के चेहरे

करंट क्राइम। राजनीति में दावेदारी से पहले भागीदारी होती है। संख्या कम हो या ज्यादा लेकिन अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जाती है। यदि दो दशक की राजनीति देखें तो गाजियाबाद में सिख समाज के चेहरे आगे नहीं आए हैं। सवाल यही उठता है कि सिख समाज राजनीति में खुद आगे नहीं आना चाहता या उनके यहां राजनीति से दूरी बनाने का रिवाज है। सिख समाज के चेहरे सियासत में नहीं दिखते हैं जबकि यहां सिख समाज के वोट हैं। जब सिख समाज के चेहरे ही आगे नहीं आएंगे तो फिर पद से लेकर टिकट तक ये समाज कमजोर पड़ेगा। एक लंबे समय से यहां तीन चेहरों पर सिख समाज की राजनीतिक पहचान है। वो नए चेहरे दे ही नहीं पाया और अपनी राजनीतिक पहचान इतनी ही बना पाया कि कोई चुनाव लड़े तो उसे सरोपा भेंट करें।

# भाजपा पार्षद को जेल भेजने वाले चौकी प्रभारी पर हुई अधिकारिक कृपा! मोहन नगर से भेजे गए कौशांबी चौकी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी के पार्षद सुधीर के खिलाफ गंभीर धाराओं का मुकदमा लिखकर जेल भेजने के मामले में सुर्खियों में आए मोहन नगर चौकी प्रभारी को भले लाइन हाजिर न किया गया हो लेकिन भाजपा नेताओं और पदाधिकारी के तमाम विरोध के बाद उनको नई तैनाती मिल ही गई है।

पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि मोहन नगर चौकी प्रभारी राम मेहर सिंह को कौशांबी थाने की कौशांबी चौकी पर तैनात किया गया है। उनका यह आदेश बीते दिनों ट्रांस हिंडन डीसीपी द्वारा किया गया है।

इस लिस्ट में लगभग आधा दर्जन उप निरीक्षकों की चौकी बदली गई है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि जब भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को इस पूरे मामले की जानकारी हुई तो वह व्यथिथ नजर आ रहे हैं।

पुलिस विभाग वाले सूत्र बता रहे हैं की चौकी प्रभारी पहले भी बेहतर माने जाने वाली चौकियों पर पोस्ट रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि उपनिरीक्षक राम मेहर सिंह इससे पहले नीति खंड व क्रॉसिंग रिपब्लिक चौकी पर रह चुके हैं।



### बोले भाजपा पार्षद, यह हो रहा है गलत

**करंट क्राइम :** पार्षद सुधीर के साथ कंधे से कंधा मिलाकर और आंदोलन को आगे बढ़ाने वाले पार्षद हिमांशु शर्मा का कहना है कि यह बेहद गलत निर्णय पुलिस अधिकारियों द्वारा लिया गया है। जिस चौकी प्रभारी ने भाजपा पार्षद को जेल भेजने का काम किया, उसे चौकी का तोहफा देना गलत है। वहीं बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के कई पार्षदों ने सोशल मीडिया पर महापौर की तारीफ करते हुए चौकी प्रभारी मोहन नगर के लाइन हाजिर होने की खबरें पोस्ट की थीं, जो अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करने के बाद गलत साबित हुईं। मोहन नगर चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर नहीं किया गया है बल्कि उनका बेहतर पोस्टिंग प्रदान की गई है।

### गुपचुप किया गया आदेश बना चर्चा का विषय

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि मोहन नगर चौकी प्रभारी को 9 जून को ही कौशांबी चौकी का प्रभारी बना दिया गया था। कौशांबी चौकी पुलिस की व्यवस्था के हिसाब से बेहतर चौकी में गिनी जाती है। बताया जा रहा है कि पार्षद की गिरफ्तारी के मामले में चौकी प्रभारी पर कार्रवाई का बेहद दबाव था लेकिन पुलिस के आलाधिकारियों का सपोर्ट उनको मिला, जिसकी वजह से है कार्रवाई का शिकार नहीं हुए और फिर उन्हें एक बार बेहतर चौकी पर भेजा गया है।

# शहर विधानसभा के उपचुनाव में बसपा उतारेगी अपना उम्मीदवार

## बाई इलेक्शन से दूर रहने वाला हाथी इस बार आएगा चुनाव में

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा चुनावों में बसपा जीरो पर आ गई है। हालांकि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, इससे पहले भी ऐसा हो चुका है जब बसपा लोकसभा में शून्य के साथ रही है। इस बार उसका वोट बैंक तितर-बितर हुआ है और उसे सबसे ज्यादा झटका गाजियाबाद में लगा है। डीएम समीकरण के साथ आने वाला बसपा का हाथी गाजियाबाद के लोकसभा चुनाव में एक लाख का आंकड़ा भी पार नहीं कर सका। हार के बाद एक बार फिर से नीला हाथी चुनाव के



तैयार हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि बसपा का नीला हाथी शहर विधानसभा वाले उपचुनाव में आ रही है। आम तौर पर उपचुनाव से दूर रहने वाली बसपा अब चुनावी रण में उतर रही है। बसपा ने अभी उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। हालांकि बसपा का यह इतिहास रहा है कि यहां उम्मीदवार सबसे पहले घोषित होता है और एक बार नहीं कई बार घोषित होता है। सतपाल चौधरी, कविंद्र चौधरी और सूदन रावत से लेकर बाशिद प्रधान और असलम चौधरी इसके उदाहरण हैं। ताजा मामले में लोकसभा के चुनाव हैं जिनमें पहले अंशय कालरा को उम्मीदवार घोषित किया गया और फिर कुछ घंटों में ही उनकी उम्मीदवारी पर संशय आ गया और अंशय की जगह नंदकिशोर पुंडीर का नाम आ गया। अब एक बार फिर से बसपा का हाथी शहर विधानसभा में होने वाले उपचुनाव में आ रहा है। फिलहाल अभी यह तय नहीं हुआ है कि उपचुनाव में वो किसे अपना उम्मीदवार बनाकर ला रहा है।

# भीषण अग्नि हादसों के बाद एक्टिव मोड में आए कमिश्रेट के अधिकारी

## पुलिस लाइन में ली कमिश्नर और सीएफओ ने बैठक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** देशभर में हो रहे अलग-अलग अग्नि हादसों और बुधवार की रात लोनी के बैहटा हाजीपुर गांव में एक ही परिवार के पांच लोगों की अग्निकांड में मौत होने के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में भी अधिकारी हरकत में आए हैं।

गुरुवार को पुलिस लाइन के परमजीत हॉल में पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र, एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी और मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने आईएमए संगठन, नर्सिंग होम एसोसिएशन,



आईएमए वेस्ट एवं आईएमए शाखा मोदीनगर के साथ ही शहर के प्रमुख निजी अस्पताल के प्रबंधन के साथ बैठक की।

इस दौरान इस गोष्ठी में भीषण गर्मी के मौसम में बढ़ती अग्नि हादसों को लेकर चिंता जाहिर की गई।

साथ ही हॉस्पिटलों व नर्सिंग होम में किसी प्रकार की अग्नि दुर्घटना घटित ना हो इसके संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए हैं। साथ ही अग्निशमन विभाग द्वारा सभी अस्पतालों को व्यापक अग्नि सुरक्षा ऑडिट और ऑन साइड निरीक्षण की कार्रवाई से अवगत कराया गया है। इसके साथ ही आग से बचाव के लिए अग्नि सुरक्षा संबंधी उपकरण जैसे फायर अलार्म सिस्टम, हाइड्रेट सिस्टम, फायर उपकरण सहित अन्य व्यवस्थाओं को चेक करने का भी निर्देश दिया गया है।

## अभी भी खतरे में हैं 134 हॉस्पिटल और उनके भवन

### कमिश्नरेट में अभी बिना अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र के चल रहे हैं 134 हॉस्पिटल

करंट क्राइम । मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने जानकारी दी है कि गाजियाबाद में सरकारी और गैर सरकारी कुल 348 हॉस्पिटल नर्सिंग होम भवन हैं। जिसमें 214 अस्पताल भवन के पास अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र हैं। वही 134 ऐसे अस्पताल भवन अभी भी शेष हैं, जिनके पास अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र नहीं है। ऐसे अस्पताल भवन जिनके द्वारा अपनी सुरक्षा संबंधी मानक का पालन नहीं किया जा रहा है। अग्निशमन विभाग से अग्नि सुरक्षा प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किया गया है। वह अपने-अपने भवनों को मानकों के अनुरुप सुरक्षा प्रमाण पत्र प्राप्त करें। इस दौरान पुलिस आयुक्त गाजियाबाद द्वारा हॉस्पिटल भावनाओं में फायर फाइटिंग सिस्टम की स्थापना के संबंध में जो परेशानी आ रही थी, उसपर भी इन नर्सिंग हॉस्पिटल और प्रबंधकों से फायर सेफ्टी संबंधी उपकरण इस्तेमाल करने का निर्देश दिया गया है।

### एफएसओ ने कहा संचालक और प्रबंधक रखें ध्यान

करंट क्राइम । मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने इस बैठक में एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी को बताया है कि अग्निकांड में जन धन की क्षति को कम करने के लिए आवश्यक है कि अधिकांश अग्नि हादसे विद्युत लोड़ के कारण होते हैं। साथ ही इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट प्रमुख वजह बनती है। ऐसे में अस्पताल के स्वामी ,प्रबंधक और वहां के अन्य स्टाफ विद्युत उपकरणों का लोड विद्युत विभाग से ऑडिट अवश्य करें ताकि लोड़ बढ़ने के कारण शॉर्टकट की संभावना को काम किया जा सके। गर्मियों के दिनों में शॉर्ट सर्किट के जरिए ही अधिकांश अग्निकांड होते हैं, जिसमें जन और धन की क्षति होती है।

**अस्पताल के स्वामी, प्रबंधक और वहां के अन्य स्टाफ विद्युत उपकरणों का लोड विद्युत विभाग से ऑडिट अवश्य करें ताकि लोड बढ़ने के कारण शॉर्टकट की संभावना को कम किया जा सके।**

## संपादकीय

# कुछ अलग हटकर करना होगा माझी को

माझी के लिए लोगों को नवीन पटनायक के प्रभाव से बाहर निकालना बड़ी चुनौती होगा, क्योंकि लोगों में नवीन पटनायक के कामकाज को लेकर कोई खास नाराजगी नहीं थी, इसलिए भी माझी को कुछ अलग करके दिखाना होगा। ओड़ीशा में चौबीस वर्ष बाद किसी दूसरे दल की सरकार बनी है। पिछले पांच विधानसभा चुनावों से बीजू जनता दल ही लगातार सत्ता में बना हुआ था। इस बार भाजपा बीजद से अलग होकर स्वतंत्र चुनाव लड़ी और सत्ता में पहुंच गई। यह निस्संदेह वहां के लोगों की बदलाव की आकांक्षा का ही प्रतिफल है। इस तरह भाजपा को भी पूरब में अपनी जगह बनाने का मौका मिला है। पहली बार ओड़ीशा में उसकी सरकार बनी है। नए मुख्यमंत्री के रूप में आदिवासी समाज के मोहन चरण माझी को राज्य की कमान सौंपी गई है। माझी ने शपथग्रहण से पहले ही आदिवासी समाज के कल्याण का संकल्प लिया था, उम्मीद है, वे इसे पूरा करेंगे। हालांकि उन्हें चौबीस वर्ष लंबे नवीन पटनायक के कार्यकाल के प्रभाव से लोगों को बाहर निकालना एक चुनौती होगी। लोगों में नवीन पटनायक के कामकाज को लेकर कोई खास नाराजगी नहीं थी, इसलिए भी माझी को कुछ अलग करके दिखाना होगा।

इतना बड़ा ओडिशा और एक भी सीएमआवास नहीं! 24 साल वर्क फ्रॉम होम करते रहे पटनायक, अब माझी कहां रहेंगे? माझी के साथ एक अच्छी बात यह है कि केंद्र में भी उनकी पार्टी की सरकार है, इसलिए योजनाओं और नीतियों के क्रियान्वयन में किसी अड़चन की गुंजाइश नहीं रहेगी। हालांकि नवीन पटनायक के भी केंद्र सरकार के साथ रिश्ते कभी कड़वे नहीं रहे। नवीन पटनायक ने ओड़ीशा को बीमारू प्रदेशों की श्रेणी से बाहर निकालने, वहां के लोगों की गरीबी दूर करने, शिक्षा और चिकित्सा आदि के क्षेत्र में बेहतरी के लिए जो विकास परिजनाएं चलाईं और प्रदेश का विकास किया, उसकी सभी सराहना करते हैं मगर विकास परियोजनाओं के चलते नियमगिरी जैसे कुछ इलाकों के आदिवासियों की जमीन अधिग्रहण को लेकर जो नाराजगी देखी जा रही थी, उन्हें जरूर माझी सरकार से काफी उम्मीदें हैं।

माझी सरकार के सामने सांप्रदायिक सौहार्द कायम रखने की एक बड़ी चुनौती होगी।। नवीन पटनायक सदा एनडीए के साथ रहे, मगर जब कंधमाल में ईसाई मिशनरियों पर हमले हुए तो वे उससे अलग हो गए थे। ओड़िया समाज पर इसका बहुत असर पड़ा था। माझी सरकार उसे कितना सुरक्षित रख पाती है, यह देखने की बात है। अब भी ओड़ीशा की छवि अत्यंत गरीब और पिछड़े प्रदेश की है, उस छवि को माझी कितना बदल पाएंगे, उनकी कामयाबी इसी से आंकी जाएगी। बहुत कुछ अलग हटकर करना होगा मोहन चरण माझी को।

# वर्तमान प्रावधानों के तहत राज्यों को विशेष दर्जा देना संभव नहीं





**नई दिल्ली।** केंद्र में गठबंधन सरकार बनने के साथ बिहार और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों द्वारा विशेष दर्जे की मांग फिर से चर्चा में है। मोदी 3.0 पर उनके दो महत्वपूर्ण गठबंधन सहयोगियों बिहार से जदयू और आंध्र प्रदेश से टीडीपी का दबाव होगा कि वे उनके राज्यों को विशेष दर्जा दें। लेकिन मौजूदा प्रावधानों के तहत, राज्यों के लिए विशेष दर्जा का कोई नियम नहीं है। अगस्त 2014 में 13वें योजना आयोग के भंग होने के बाद से 14वें वित्त आयोग ने विशेष और सामान्य श्रेणी के राज्यों के बीच कोई अंतर नहीं किया है। सरकार ने 14वें वित्त आयोग की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया और 1 अप्रैल, 2015 से केंद्र से राज्यों को कर हस्तांतरण 32 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर दिया और संसाधन अंतर का सामना करने वाले राज्यों को राजस्व घाटा अनुदान का एक नया प्रावधान भी जोड़ा। नए प्रावधान के तहत, 2015-16 में राज्यों को कुल हस्तांतरण 2014-15 में 3.48 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 5.26 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो 1.78 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि थी। राज्यों का हिस्सा जनसांख्यिकीय प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के लिए एक सूत्र द्वारा तय किया जाता है और प्रत्येक राज्य अपने स्वयं के कर राजस्व को जुटाने का प्रयास करता है। यह फामूर्ला भौगोलिक क्षेत्र, वन क्षेत्र और राज्य की प्रति व्यक्ति आय को भी ध्यान में रखता है। एनके सिंह की अध्यक्षता में 15वें वित्त आयोग ने कर हस्तांतरण को संशोधित किया है और 2019 में जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश के रूप में बनाए जाने के बाद इसे 42 प्रतिशत से घटाकर 41 प्रतिशत कर दिया है। इसलिए राज्यों को वर्तमान कर हस्तांतरण 2026 तक 41 प्रतिशत है। विशेष श्रेणी के दर्जे के तहत, जो मार्च 2015 तक लागू था, विशेष श्रेणी के राज्यों को सभी केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए केंद्र से वित्तीय योगदान का 90 प्रतिशत मिल रहा था, राज्यों का योगदान केवल 10 प्रतिशत तक सीमित था। असम, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड, मिजोरम, सिक्किम, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों को 2015 से पहले विशेष श्रेणी राज्य का दर्जा दिया गया था। 90:10 का नियम अभी भी पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों पर लागू है, हालांकि कोई विशेष दर्जा श्रेणी नहीं है। अन्य सभी राज्यों को 60:40 के अनुपात में केंद्रीय वित्त पोषण प्राप्त होता है, जिसमें 60 प्रतिशत केंद्र सरकार का योगदान होता है और 40 प्रतिशत राज्यों का होता है।

# 'हवाई किराये की समीक्षा करेगी सरकार'

## आम आदमी के लिए हवाई यात्रा सुलभ बनाएंगे : विमानन मंत्री



**नई दिल्ली।** देश के विमानन क्षेत्र में देश में तेजी से विकास हो रहा है और देश के एयरलाइन रिकॉर्ड नए विमान ऑर्डर दे रहे हैं। भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता विमानन बाजार है, लेकिन घरेलू वाहकों को वैश्विक आपूर्ति शृंखला से जुड़े व्यवधानों से जूझना पड़ता है, जिससे विमान डिलीवरी में देरी होती है, जिससे हवाई किराए में वृद्धि होती है। नई सरकार के शपथ ग्रहण बाद मंत्रियों ने अपने-अपने विभागों की कमान थाम ली है। सरकार के मंत्रियों ने अपने-अपने विभागों में काम करना भी शुरू कर दिया है। इस बीच नए नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि देश में वर्तमान हवाई किराये की समीक्षा की जाएगी। कहा कि वे बढ़ते किराए के मुद्दे से निपटकर हवाई यात्रा को आम आदमी के लिए और अधिक सुलभ बनाना चाहते हैं। देश के विमानन क्षेत्र में देश में तेजी से विकास हो रहा है और देश के एयरलाइन रिकॉर्ड नए विमान ऑर्डर दे रहे हैं। भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता विमानन बाजार है, लेकिन घरेलू वाहकों को वैश्विक आपूर्ति शृंखला से जुड़े व्यवधानों से जूझना पड़ता है, जिससे विमान डिलीवरी में देरी होती है, जिससे हवाई किराए में वृद्धि होती है।, एक भारतीय संसदीय पैनल ने फरवरी में प्रस्ताव दिया था कि सरकार को हवाई किराए में अचानक उछाल को नियंत्रित करने के लिए दिशानिर्देश तैयार करने चाहिए। दूसरी ओर एयलाइन्स का तर्क है कि किराए आपूर्ति और मांग से संचालित होते हैं। नई सरकार में विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा, ?टिकटों की कीमतें किसी भी कारण से बढ़ी हों... मैं वास्तव में इस मुद्दे पर गहराई से विचार करना चाहता हूं (और) उन्हें इस देश के लोगों के लिए थोड़ा और अधिक सुलभ कैसे बनाया जाए इस पर कार्य कर रहा हूं।

# एआई में इनोवेशन और स्टार्टअप के लिए भारत एक अच्छा हब : गूगल क्लाउड सेल्स हेड



**नई दिल्ली।** भारत स्टार्टअप शुरू करने और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में इनोवेशन के लिए एक अच्छा हब है। ये दावा गूगल क्लाउड के शीर्ष अधिकारी की ओर से किया गया है। गूगल क्लाउड में प्रेसिडेंट और ग्लोबल सेल्स हेड मैट रेनर ने कहा कि भारत में ग्रोथ की अपार संभावनाओं के कारण यह उन कुछ देशों में शामिल है, जिन्हें इस वित्त वर्ष स्टार्टअप में निवेश मिला है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत गूगल क्लाउड के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। उन्होंने आगे कहा कि गूगल क्लाउड पर हेल्थकेयर, फाइनेंशियल सर्विसेज और अन्य क्षेत्रों में एआई स्टार्टअप तेजी से बढ़ रहे हैं।

रेनर ने कहा कि भारत एआई में इनोवेशन के लिए काफी अच्छी जगह है। हम देख रहे हैं कि ग्राहक एआई इनोवेशन को आगे बढ़ा रहे हैं। हम एआई में विशेषज्ञता और टूल्स के जरिए अपने ग्राहकों को आगे बढ़ने में मदद कर रहे हैं। शीर्ष अधिकारी ने अपने नोट में कहा कि भारत अन्य देश के मुकाबले काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसकी वजह टेक्नोलॉजी और एआई के महत्व को समझना है। अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट की तरह ही गूगल भी क्लाउड मार्केट में एक बड़ी कंपनी है। कंपनी की इस क्लाउड इकाई का मुनाफा और आय सालाना आधार पर बढ़ रही है। 2023 की शुरूआत में गूगल क्लाउड मुनाफे में आ गई थी।

# पीएलआई स्कीम से आ सकता है 4 लाख करोड़ रुपये तक का निवेश




**नई दिल्ली।** प्रोडक्शन-लिंक्ड इनिशिएटिव (पीएलआई) स्कीम के जरिए आने वाले कुछ वर्षों में भारत में 3 से 4 लाख करोड़ रुपये तक का निवेश आ सकता है। बता दें, भारत में मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 14 सेक्टरों के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये की पीएलआई स्कीम चलाई जा रही है। इस निवेश से सेमीकंडक्टर, सोलर मॉड्यूल और फार्मा सेक्टर में करीब 2 लाख नए रोजगार पैदा हो सकते हैं। रेटिंग एजेंसी आईसीआरए का कहना है कि अर्थव्यवस्था में तेजी के साथ मध्यम अवधि में निजी सेक्टर के पूंजीगत खर्च में बढ़ोतरी होगी। इसकी वजह पीएलआई जैसी स्कीम का आना है। आईसीआरए का कहना है कि मजबूत मांग और कंपनियों द्वारा आपूर्ति को बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के कारण मेटल, स्पेशलिटी केमिकल और ऑटोमोटिव सेक्टर में तेजी देखने को मिल सकती है। सरकार द्वारा अब तक 14 सेक्टरों के लिए पीएलआई स्कीम शुरू की जा चुकी है। इसमें मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग और विशेष इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स, एपीआई और ऑटोमोबाइल और ऑटो पार्ट्स, टेलीकॉम और नेटवर्किंग प्रोडक्ट्स, इलेक्ट्रॉनिक/आईटी प्रोडक्ट्स, उच्च दक्षता वाले सोलर पीवी मॉड्यूल और अन्य सेक्टर शामिल है। सरकार की ओर से कहा गया कि पीएलआई का उद्देश्य मुख्य सेक्टर में निवेश और नई टेक्नोलॉजी को आकर्षित करना है। साथ ही घरेलू स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देना है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री, पीयूष गोयल भी अपने मंत्रालय के अधिकारियों से कह चुके हैं कि पीएलआई और मुक्त व्यापार समझौते जैसे इनिशिएटिव लाने होंगे, जिससे घरेलू स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात को बढ़ावा दिया जा सके।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

चिंटू ने पिंटू को बताई मजेदार बात...
चिंटू- लड़कियों के साथ कितना अच्छा है यार शादी से पहले पापा की परी होती हैं और शादी के बाद घर की लक्ष्मी हो जाती हैं।
पिंटू- और लड़के?
चिंटू- लड़कों का क्या, शादी से पहले पापा से मार खाते हैं और शादी के बाद बीवी से।

---

पत्नी- तुम इतनी शराब क्यों पीते हो?
पति- डार्लिंग नशे में तुम कितनी सुंदर लगती हो, मैं तुम्हारी तारीफ करने के लिए ही तो पीता हूं।
पत्नी- तुम भी ना, लाओ एक और पेग बनाती हूं।

---

क्लास में मास्टर जी ने बच्चों से पूछा- बताओ, कांटों भरे रास्ते पर आपका साथ कौन देगा?
पति, पत्नी, भाई, बहन, मां-बाप, प्रेमी, प्रेमिका या दोस्त?
मिंटू खड़े होकर बोला - सर, चप्पल।
फिर मास्टर जी ने भी चप्पल से की शौंटी की पिटाई।

## रोचक तथ्यों का करंट

- भारत में पहली मोशन पिक्चर 'द रेसलर्स' थी साल 1899 में एक चित्रकार फोटोग्राफर ने हरिश्चंद्र सखाराम भट्टावडेकर कहा था।
- आमिर खान की फिल्म 'लगान' में बॉलीवुड सिनेमा के इतिहास में एक भी फिल्म में कभी भी इतने ज्यादा ब्रिटिश अभिनेताओं द्वारा भूमिका नहीं निभाई गई थी।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा कि, जब धर्मेंद्र पहली बार फिल्म उद्योग में शामिल हुए थे, तो उनका वेतन केवल 51 रुपये का मामूली योग था।
- क्या आप जानते हैं? साल 1936 में अभिनेता बनने से पहले अशोक कुमार बॉम्बे टॉकीज में एक प्रयोगशाला सहायक थे।
- वहीदा रहमान ने अमिताभ बच्चन की मां और प्रेमी दोनों का किरदार निभाया है। उन्होंने प्रेमिका का किरदार फिल्म 'अदालत' (1976) और मां का किरदार फिल्म 'त्रिशूल' (1978) में निभाया था।
- फिल्म स्लमडॉग मिलियनेयर में अनिल कपूर की भूमिका के लिए शाहरुख खान पहली पसंद थे।
- राज ठाकरे साल 2005 में अमिताभ बच्चन के साथ एक फिल्म बनाना चाहते थे।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## करंट क्राइम

परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

14 06 2024

# आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



बिंदु माधवी
अभिनेत्री




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# सूर्या ने दिखाया कि वे सिर्फ आक्रामक नहीं जुझारू पारी भी खेल सकते हैं : रोहित

**न्यूयॉर्क।** भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की जमकर तारीफ की, जिनकी नाबाद 49 गेंदों में 50 रन की पारी की बदौलत भारत ने टूनार्मेंट के सह-मेजबान यूएसए पर सात विकेट से जीत दर्ज कर आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के सुपर 8 में जगह बनाई। रोहित शर्मा ने कहा कि सूर्यकुमार ने अपनी अलग शैली दिखाई है, जिसकी उम्मीद अनुभवी खिलाड़ियों से की जाती है। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी को भी परिस्थिति के हिसाब से पूरी तरह से ढाला। सूर्या ने यह साबित किया कि वह सिर्फ आक्रामक नहीं जुझारू पारी भी खेल सकते हैं। यह सूर्यकुमार की वह पारी नहीं थी जिसके लिए वो मशहूर हैं। इसके बावजूद वह अपने




कप्तान रोहित शर्मा को प्रभावित करने में सफल रहे। रोहित शर्मा ने मैच के बाद कहा, सूर्या ने दिखाया कि वह एक अलग तरह की शैली के साथ भी बल्लेबाजी कर सकते हैं। आप अनुभवी खिलाड़ियों से यही उम्मीद करते हैं। मैदान पर उतरने के बाद अक्सर आप परिस्थितियों के हिसाब से बल्लेबाजी करने का प्रयास करते हैं। सूर्यकुमार ने कुछ वैसा ही किया। सूर्यकुमार और शिवम दुबे के बीच हुई 67 रनों की साझेदारी हमारे लिए अहम थी। अंत में वह हमें जीत तक लेकर गए और यह एक शानदार प्रयास था। रोहित ने परिस्थिति को बल्लेबाजों के लिए मुश्किल बताया लेकिन अपने गेंदबाजों खासतौर से अर्शदीप सिंह की तारीफ की। अर्शदीप ने अपने पहले ही ओवर में दो विकेट लिए और अपने चार ओवरों के कोटे में 9 रन देकर चार विकेट लिए, जो उनका टी20 आई करियर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। रोहित ने आगे कहा, हम जानते थे कि गेंदबाजों को सामने से हमारी टीम को नेतृत्व करना होगा। हम जानते थे कि इस पिच पर रन बनाना मुश्किल है। हमारे गेंदबाजों ने शानदार काम किया। यहां पर क्रिकेट खेलना आसान नहीं है। अमेरिका ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 110 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 18.2 ओवर में 3 विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही। विराट कोहली बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए जबकि कप्तान रोहित शर्मा 3 रन बनाकर आउट हुए। यहां से यूएसए ने मैच पूर पूरी तरह से अपना दबदबा बना लिया था लेकिन सूर्यकुमार यादव ने 49 बॉल पर नाबाद 50 रन बनाए, जबकि शिवम दुबे ने 35 बॉल पर नाबाद 31 रनों की जुझारू पारी खेली। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 65 बॉल पर 67 रन की पार्टनरशिप हुई। ऋषभ पंत 18 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान रोहित शर्मा ने 3 रन बनाए, जबकि विराट कोहली खाता नहीं खोल सके। सौरभ नेत्रवल्कर को 2 विकेट मिले, अली खान ने एक विकेट लिया।

# अर्शदीप ने बुमराह को दिया यूएसए के खिलाफ शानदार प्रदर्शन का श्रेय

**न्यूयॉर्क।** टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में यूएसए पर भारत की जीत में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े हासिल करने वाले तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने इस दमदार प्रदर्शन का श्रेय अपने सीनियर जसप्रीत बुमराह की सलाह को दिया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए अर्शदीप ने चार ओवर में 9 रन देकर चार विकेट लेने के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े के साथ वापसी की, जिससे भारत ने यूएसए पर सात विकेट से जीत दर्ज कर सुपर-8 में जगह पक्की की। बाएं हाथ के इस गेंदबाज ने मैच के अपने पहले ओवर में शायन जहांगीर और एंड्रीज गौस को आउट किया। इसके बाद जब वो अटैक में आए तो नीतीश कुमार और उसके बाद हरमनप्रीत सिंह का अहम विकेट लिया, जिससे यूएसए की टीम 20 ओवर में 110/8 पर सिमट गई। उन्होंने डिज्नी+ हॉटस्टार पर कहा, ड्रेसिंग रूम में भी



यही चर्चा थी। रन बनाने के लिए आसान गेंदें न दें, क्योंकि हमारे बल्लेबाज भी रन बनाने में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। इसलिए योजना यह थी कि हार्ड लेंथ पर गेंदें फेंकी जाए और देखें कि विकेट कहां मदद करता है। यूएसए के खिलाफ अपने प्रदर्शन के बारे में आगे बात करते हुए अर्शदीप ने कहा, ₹पिछले मुकाबलों में मैं काफी महंगा साबित हुआ था, लेकिन यूएसए के खिलाफ प्रदर्शन से खुश हूं। मुकाबले के दौरान मैं हार्ड लेंथ को हिट करने का प्रयास कर रहा था। बातचीत के दौरान उन्होंने बुमराह के साथ हुई बातचीत का भी खुलासा किया। युवा तेज गेंदबाज ने कहा, जस्सी भाई (जसप्रीत बुमराह) ने मुझे सलाह दी थी कि बल्लेबाज को परेशान करने के लिए मैं यॉर्कर का भी इस्तेमाल कर सकता हूं। इस मुकाबले में सभी गेंदबाजों ने अपना बेस्ट दिया। उन्होंने आगे कहा, ₹यह विकेट तेज गेंदबाजों के लिए काफी मददगार है और इससे हमें सीम मूवमेंट हासिल करने में मदद मिल रही है। इसलिए योजना सरल थी, बस गेंद को विकेटों पर पिच करें। अमेरिका ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 110 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 18.2 ओवर में 3 विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही। विराट कोहली बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए, जबकि कप्तान रोहित शर्मा 3 रन बनाकर आउट हुए।

# स्टॉप क्लॉक पेनाल्टी का पहला शिकार बना यूएसए

**न्यूयॉर्क।** टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेल की गति को बढ़ाने की मंशा से लाए गए स्टॉप क्लॉक नियम का पहला शिकार संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) की टीम बनी है। बुधवार को न्यूयॉर्क में टी20 विश्व कप 2024 में भारत के खिलाफ खेले गए मैच में यूएसए को पेनाल्टी के तौर पर पांच अतिरिक्त रन देने पड़ गए। यह पेनाल्टी तीन बार ओवर को समय पर शुरू ना करने की वजह से लगाई जाती है। जिस समय यूएसए पर यह पेनाल्टी लगी, वह मैच का बेहद महत्वपूर्ण मोड़ था। अगला ओवर समय पर शुरू न करने के लिए अमेरिका की खिंचाई की गई और परिणामस्वरूप, उनके प्रतिद्वंद्वी भारत को अतिरिक्त रन दिए गए। यह नियम 1 जून से पुरुषों के वनडे और टी20आई में लागू किए गए हैं।



नियमों के मुताबिक पिछले ओवर की समाप्ति और नए ओवर की शुरूआत के बीच एक मिनट से अधिक समय बर्बाद नहीं होना चाहिए। अगर एक पारी में ऐसा तीसरी बार होता है तब गेंदबाजी टीम पर पांच रनों की पेनल्टी लगाई जाएगी। भारत को 111 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम पांच ओवरों में 35 रन चाहिए थे, जो एक कठिन बल्लेबाजी पिच पर चुनौतीपूर्ण था। 16वें ओवर की शुरूआत में, स्टॉप-क्लॉक नियम लागू हुआ, यूएसए पारी में तीसरी बार समय पर ओवर शुरू करने में विफल रहा। इसके बाद अंपायरों ने पांच रन की पेनल्टी लगाई, जिससे भारत का लक्ष्य 30 गेंदों पर 30 रन रह गया। इस रोमांचक मोड़ पर एक्स्ट्रा रन भारत के लिए काफी अहम रहा। अंपायरों को चोटिल मोनंक पटेल की अनुपस्थिति में यूएसए की कप्तानी कर रहे आरोन जोन्स को पेनल्टी के बारे में समझाते हुए देखा गया। फिर, यूएसए की टीम को पेनल्टी स्वीकार करनी पड़ी। अंत में भारत ने यह मैच 10 गेंद शेष रहते सात विकेट से जीत लिया। इस जीत ने भारत को तीन मैचों में तीन जीत के साथ सुपर 8 में पहुंचा दिया है। जबकि अमेरिका को अब आयरलैंड के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप मैच में जीत दर्ज करनी होगी। हालांकि, जीत या कोई नतीजा न मिलने पर वे सुपर 8 में पहुंच जाएगा, लेकिन हार से उनकी क्वालिफिकेशन की उम्मीदें नेट रन रेट पर निर्भर हो सकती हैं।

# वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड को हरा कर सुपर 8 में बनाई जगह

**टरूबा (त्रिनिदाद)।** शेरफेन रदरफोर्ड की नाबाद 68 रन की पारी और अल्जारी जोसेफ के चार विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने गुरुवार को न्यूजीलैंड को 13 रन से हराकर टी20 विश्व कप के सुपर आठ में जगह बना ली है।

धाकड़ ऑलराउंडर से सजी वेस्टइंडीज की टीम ने ग्रुप-सी में तीनों मैच जीते हैं और अब उसका सामना ग्रुप स्टेज के आखिरी मुकाबले में अफगानिस्तान से होगा। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड लगातार दो हार के बाद टूनार्मेंट से बाहर होने की कगार पर है। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर




149 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 136 रन ही बना सकी। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की शुरूआत बेहद खराब रही। महज 30 रन के अंदर टीम ने अपने 5 विकेट खो दिए, लेकिन छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए शेरफेन रदरफोर्ड ने पारी को संभाला और स्कोर 149 तक पहुंचाया।

रदरफोर्ड ने नाबाद 68 रन बनाए। उनके अलावा निकोलस पूरन ने 17, अकील होसैन ने 15, आंद्रे रसेल ने 14 और रोमारियो शेफर्ड ने 13 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए ट्रेंट बोल्ट ने 3 विकेट झटके। टिम साउथी और लॉकी फर्ग्यूसन ने 2-2 विकेट लिए। जेम्स नीशम और मिचेल सेंटनर को 1-1 विकेट मिला। 150 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरूआत भी खराब रही।

हालांकि, फिन एलन ने एक छोड़ संभाले रखा लेकिन वो भी 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। नंबर-6 पर बल्लेबाजी करने आए ग्लेन फिलिप्स ने न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ ने 4 विकेट झटके। वहीं मोती ने 3 विकेट लिए। आंद्रे रसेल और अकील होसेन को 1-1 विकेट मिला।

# युवा मिडफील्डर मनीषा ने कहा, भारतीय हॉकी टीम को रिप्रेजेंट करना बेहद खास

**अपने करियर के इस सबसे स्पेशल मोमेंट को याद कर मनीषा ने कहा, ये हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वो अपने देश के लिए खेले**

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड की मनीषा चौहान ने 25 साल की उम्र में सीनियर महिला हॉकी टीम के लिए अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू करने का अपना सपना पूरा किया। इस स्टार मिडफील्डर ने एफआईएच प्रो लीग 2023/24 के यूरोप चरण के दौरान अर्जेंटीना के खिलाफ अपना पहला मैच खेला था। अपने करियर के इस सबसे स्पेशल मोमेंट को याद कर मनीषा ने कहा, ये हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वो अपने देश के लिए खेले। जब से मैंने हॉकी थामी तब से मैंने देश के लिए खेलने का सपना देखना शुरू कर दिया। जब मैं भारतीय जर्सी पहनकर मैदान पर उतरी, तो यह मेरे लिए बेहद खास क्षण था। कोचिंग और सहयोगी स्टाफ ने मुझ पर भरोसा जताया और अब यह मेरा फर्ज कि मैं उन्हें सही साबित करूं। मनीषा ने कहा, हरेंद्र सर ने मुझे खुद पर भरोसा करने और अपना नेचुरल गेम खेलने के लिए कहा। उन्होंने मुझे यह भी बताया कि मुझे किन क्षेत्रों में काम करने की जरूरत है और मैं अपने गेम को कैसे बेहतर बना सकती हूं। टीम के हर सदस्य ने मेरा समर्थन किया, मेरी मदद की और मुझे बेहतर प्रदर्शन करने के



लिए प्रेरित किया। मनीषा की हॉकी में रुचि तब शुरू हुई जब वह 5वीं कक्षा में थी। अपने सफर को याद करते हुए उन्होंने कहा, मुझे हमेशा से ही हॉकी में रुचि थी। मैं फुटबॉल और हैंडबॉल बहुत खेलती थी। मेरे पास लॉन्ग जंप और शॉटपुट में राज्य स्तर के पदक भी हैं। मुझे याद है कि स्कूल के कोच मैदान में आए और हमसे पूछा कि क्या कोई हॉकी खेलना चाहता है। मैंने खेल में रुचि दिखाई और फिर उन्होंने मुझे शाम को प्रशिक्षण के लिए आने के लिए कहा। तब से, मैंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित स्कूल स्तर की प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया और 'सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' का खिताब भी जीता। 2016 में मनीषा जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उत्तराखंड टीम की कप्तान थी। टूनार्मेंट में कुछ शानदार प्रदर्शन के साथ, उन्हें भारतीय जूनियर महिला शिविर के लिए बुलाए जाने पर सफलता मिली। 25 वर्षीय मनीषा ने इस सफर को याद करते हुए कहा, जब मुझे भारतीय जूनियर महिला टीम के शिविर के लिए चुने जाने की खबर मिली तो मैं बहुत खुश थी। यह मेरे और मेरे परिवार के लिए एक अद्भुत क्षण था। मेरे कोच जिन्होंने हमेशा मुझे प्रेरित किया है और मेरे शुरूआती दिनों से मेरा निरंतर समर्थन किया है, इस खबर से बहुत खुश थे। जब मैं बेंगलुरु पहुंची, तो मैं अन्य खिलाड़ियों को देखकर घबरा गई, जो विभिन्न राज्यों से शिविर में शामिल हुए थे। यह कुछ ऐसा था जिसका मैंने केवल सपना देखा था। अधिकांश खिलाड़ी मुझसे अधिक अनुभवी थे। मैं रांची में आयोजित जूनियर नेशनल में खेलकर आ रही थी।

लेकिन मुझे एहसास हो गया कि अगर मुझे अपना नाम बनाना है तो मुझे अपने खेल पर बहुत काम करना होगा और अपने कौशल को निखारना होगा। अपनी प्रतिभा और समर्पण के बावजूद, वह घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दौरों के लिए अपनी जगह सुरक्षित नहीं कर पाई और अंततः 2018 में शिविर से बाहर हो गई। निराश न होते हुए, इस युवा खिलाड़ी ने कई घरेलू टूनार्मेंटों में अपने कौशल को निखारना जारी रखा। इन वर्षों के दौरान सीनियर महिला हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करने का उनका सपना कभी नहीं डगमगाया। दो साल बाद 2018 में मनीषा ने नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, दिल्ली के लिए ट्रायल दिया और उसका चयन हो गया। मनीषा ने अपना सारा समय और ध्यान प्रशिक्षण और अपने खेल को बेहतर बनाने में लगाया। 2023 में 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान, मनीषा ने मणिपुर हॉकी का प्रतिनिधित्व किया और उसका प्रदर्शन शानदार रहा। उसने अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए तीन गोल किए और अपने पहले गेम में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भी जीता।

इस शानदार प्रदर्शन के कारण उसका चयन सीनियर महिला शिविर के लिए हुआ। मनीषा ने 2020 में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी और फर्स्ट खेलो इंडिया में भी हिस्सा लिया है। उन्होंने 2021 में पहली हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर का पुरस्कार भी जीता है। अब, 2026 महिला एफआईएच हॉकी विश्व कप पर अपनी नजरें टिकाए हुए, मनीषा का लक्ष्य न केवल टीम का हिस्सा बनना है, बल्कि प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतना और देश का मान बढ़ाना भी है।

# न्यूजीलैंड की लगातार हार से निराश कप्तान केन विलियमसन

**त्रिनिदाद।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने मौजूदा टी20 विश्व कप में वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के खिलाफ लगातार हार के बाद निराशा व्यक्त की। टूनार्मेंट के शुरूआती मुकाबले में अफगानिस्तान से मिली हार के बाद, न्यूजीलैंड को वेस्टइंडीज के खिलाफ 13 रन से दूसरी हार का सामना करना पड़ा। दो मैचों में दो हार के साथ कीवी टीम का अब सुपर आठ में जगह बनाना काफी मुश्किल है, क्योंकि टीम ग्रुप सी की तालिका में -2.425 के नेट रन रेट के साथ सबसे निचले स्थान पर है। हालांकि, टीम के पास अभी भी सुपर आठ में पहुंचने का मौका है, लेकिन इसके लिए कई समीकरण को उनके पक्ष में होना होगा। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में वेस्टइंडीज के खिलाफ हार पर विलियमसन ने कहा, मुझे लगता है कि अगर हम सिर्फ दो मैचों की शुरूआत को देखें... तो इसमें कोई संदेह नहीं कि यह निराशाजनक है। आप एक विश्व प्रतियोगिता में आते हैं, आप अच्छी शुरूआत करना चाहते हैं और ईमानदारी से कहें तो हमें इन परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। हम जानते हैं



कि यह एक चुनौतीपूर्ण संघर्ष होगा और यहां से सफर आसान नहीं होने वाला। लेकिन अगर आप छोटी-छोटी चीजों पर फोकस करते हैं तो मैच आपके पक्ष में हो जाता है और यह वास्तव में आपके पूरे टूनार्मेंट के लिए एक निर्णायक हो सकता है लेकिन हमारे साथ ऐसा नहीं हुआ, जो निराशाजनक है। न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 136 रन ही बना सकी। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की शुरूआत बेहद खराब रही। महज 30 रन के अंदर टीम ने अपने 5 विकेट खो दिए, लेकिन छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए शेरफेन रदरफोर्ड ने पारी को संभाला और स्कोर 149 तक पहुंचाया। रदरफोर्ड ने नाबाद 68 रन बनाए। उनके अलावा निकोलस पूरन ने 17, अकील होसैन ने 15, आंद्रे रसेल ने 14 और रोमारियो शेफर्ड ने 13 रन का योगदान दिया।

न्यूजीलैंड के लिए ट्रेंट बोल्ट ने 3 विकेट झटके। टिम साउथी और लॉकी फर्ग्यूसन ने 2-2 विकेट लिए। जेम्स नीशम और मिचेल सेंटनर को 1-1 विकेट मिला। 150 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरूआत भी खराब रही। हालांकि, फिन एलन ने एक छोड़ संभाले रखा लेकिन वो भी 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। नंबर-6 पर बल्लेबाजी करने आए ग्लेन फिलिप्स ने न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ ने 4 विकेट झटके। वहीं मोती ने 3 विकेट लिए। आंद्रे रसेल और अकील होसेन को 1-1 विकेट मिला।

# नासाउ काउंटी स्टेडियम को 6 हफ्ते में ध्वस्त कर दिया जाएगा : रिपोर्ट

**न्यूयॉर्क।** टी20 विश्व कप 2024 में न्यूयॉर्क की पिच बल्लेबाजों के लिए 'जी का जंजाल' बनी हुई है। यह पिच बल्लेबाजी के लिए इतनी मुश्किल है कि टी20 फॉर्मेट में भी टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए बल्लेबाजों को मजबूर होना पड़ा। टूनार्मेंट में भारत ने अब तक तीनों मैच यहीं खेले हैं। जानकारी के अनुसार अब नासाऊ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम को लगभग छह सप्ताह में ध्वस्त कर दिया जाएगा। यह स्टेडियम खास तौर पर टी20 विश्व कप के लिए ही बनाया गया था, ताकि क्रिकेट को अमेरिका में बढ़ावा मिल सके। टी20 विश्व कप 2024 में यहां आठ मैच खेले जाने थे और इन सभी मैचों का आयोजन हो चुका है। एक भी मैच हाई स्कोरिंग नहीं रहा। लेकिन मुकाबला सभी टीमों के लिए कांटे की टक्कर वाला रहा। हालांकि, टी20 फॉर्मेट में लो स्कोरिंग मैच फैंस को पसंद नहीं आते। यही कारण है कि इस पिच को लेकर आईसीसी की भी खूब



आलोचना हुई। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, आइजनहावर पार्क में स्थित स्टेडियम को ध्वस्त करने का निर्णय वास्तव में बुधवार को भारत और सह-मेजबान यूएसए के बीच इस स्टेडियम में खेले गए आखिरी मैच के बाद लिया गया। इस पिच को 106 दिन में तैयार किया गया था, लेकिन अब इसे हटा दिया जाएगा क्योंकि यह अस्थायी स्टेडियम था। उधर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इसके भविष्य पर निर्णय लेने का काम नासाउ काउंटी के अधिकारियों पर छोड़ दिया है। क्रिकबज ने आईसीसी के एक अधिकारी के हवाले से कहा, अगर वे उन्हें रखना चाहते हैं और आवश्यक रखरखाव संभालना चाहते हैं, तो वे ऐसा कर सकते हैं। अगर ऐसा नहीं होता तो आईसीसी ड्रॉप-इन पिचों को शिफ्ट कर देगा, जो पिछले दो सप्ताह से बहस का विषय है। उन्हें ऐसे स्थान पर ले जाया जाएगा, जहां उनकी आवश्यकता होगी। स्टेडियम में कुछ मेजर लीग क्रिकेट मैचों की मेजबानी करने का प्रस्ताव फ्रेंचाइजी द्वारा स्वीकार नहीं किया गया। न्यूयॉर्क एमएलसी फ्रेंचाइजी एमआई न्यूयॉर्क का आधार है और उनके मालिकों से निकट भविष्य में एक अलग स्थान पर एक नया स्टेडियम बनाने की उम्मीद है।

# पेरिस ओलंपिक में अर्जेंटीना के लिए नहीं खेलेंगे मेसी

**नई दिल्ली।** फुटबॉल जगत के मशहूर खिलाड़ी लियोनेल मेसी ने पेरिस ओलंपिक के लिए अर्जेंटीना की टीम का हिस्सा नहीं बनने का फैसला किया है। 36 वर्षीय फुटबॉलर ने कहा कि उनकी उम्र और व्यस्त कार्यक्रम के चलते वो हर टूनार्मेंट में नहीं खेल सकते। लियोनेल मेसी ने अपने पूर्व साथी और अंडर-23 मैनेजर जेवियर मैस्केरानो के निमंत्रण के लिए आभार व्यक्त करते हुए अपनी बात रखी। मेसी ने ईएसपीएन से कहा, मैंने जेवियर से बात की और सच तो यह है



कि हम दोनों ही स्थिति को अच्छी तरह समझते हैं। अभी ओलंपिक के बारे में सोचना कठिन है क्योंकि हम कोपा अमेरिका में भाग ले रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि मैं अब ऐसी उम्र में नहीं हूं कि हर चीज में शामिल हो सकूं। यह बहुत कठिन निर्णय था, लेकिन मेरे करियर के इस मुकाम पर यह महत्वपूर्ण है कि मैं अपने शरीर और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखूं। मुझे हर फैसला काफी सोच समझकर लेना होगा। लगातार दो टूनार्मेंट खेलना काफी तनावपूर्ण हो सकता है। मैं ओलंपिक में खेलने और मैस्केरानो के साथ मिलकर इसे जीतने के लिए बहुत भाग्यशाली रहा हूं। फुटबॉल के स्तर पर यह एक शानदार अनुभव था। ओलंपिक, अंडर-20, ऐसी यादें जिन्हें मैं कभी नहीं भूल पाऊंगा। क्लब की प्रतिबद्धताओं, अंतर्राष्ट्रीय टूनार्मेंटों और व्यक्तिगत स्वास्थ्य के बीच संतुलन बनाते हुए मेसी ने स्वीकार किया कि करियर के इस चरण में लगातार दो टूनार्मेंटों में भाग लेना उनके लिए काफी चुनौतीपूर्ण होगा।

# इंग्लैंड को बाहर करने की साजिश रच रहा ऑस्ट्रेलिया

**न्यूयॉर्क।** स्कॉटलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के टी20 विश्व कप मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श चर्चा में हैं। टी20 विश्व कप के सुपर-8 राउंड के लिए क्वालिफाई कर चुके ऑस्ट्रेलिया को यह सुझाव मिले हैं कि उन्हें स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच के नतीजों में कुछ हेरफेर करना चाहिए, ताकि डिफेंडिंग चैंपियंस इंग्लैंड विश्व कप से बाहर हो जाए। हालांकि, अब इसको लेकर आईसीसी ने कप्तान मिचेल मार्श को चेतावनी दी है कि अगर ऑस्ट्रेलियाई टीम को कुछ हेरफेर करते हुए पाया जाता है तो मार्श को सुपर-8 राउंड के दौरान दो मैचों के लिए बैन किया जाएगा।

### पेन चाहते हैं हेरफेर करे ऑस्ट्रेलियाई टीम

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन चाहते हैं कि मिचेल मार्श एंड कंपनी स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप मैच में कुछ 'हेरफेर' करे ताकि इंग्लैंड की टीम आगे का रास्ता तय नहीं कर सके। उन्होंने कहा था, 'निश्चित तौर पर कंगारुओं को नतीजे में हेरफेर करना चाहिए और मैं मजाक भी नहीं कर रहा हूं। मैंने पिछले कुछ दिनों में लोगों से इस बारे में बात की है। मैं इसको लेकर गंभीर हूं।'

### इंग्लैंड पर मंडरा रहा बाहर होने का खतरा

ग्रुप बी में इंग्लैंड सिर्फ एक अंक और -1.800 नेट रन रेट के साथ चौथे स्थान पर है। उनके पास दो और मैच बाकी हैं। यहां तक कि अगर वे अपने दोनों मैच जीतते भी हैं, तो भी वह स्कॉटलैंड से आगे नहीं निकल सकते, जो पांच अंकों और +2.164 एनआरआर के साथ दूसरे स्थान पर है। सुपर-8 में पहुंचने के लिए जोस बटलर एंड कंपनी को न केवल अपने शेष दोनों मैच भारी अंतर से जीतने होंगे, बल्कि यह भी




उम्मीद करनी होगी कि ऑस्ट्रेलिया स्कॉटलैंड को बड़े अंतर से हरा दे। अगर स्कॉटलैंड के हार का अंतर 10-20 रन का होता है तो भी इंग्लिश टीम बाहर हो जाएगी।

### पेन ने बताया कैसे हेरफेर सकती है कंगारू टीम

पेन ने स्पष्ट किया कि वह नहीं चाहते कि ऑस्ट्रेलिया मैच हारे बल्कि इंग्लैंड के बाहर होने के लिए इसे काफी करीब बना दे। उन्होंने कहा, 'आपको मैच हारने की जरूरत नहीं है। मुझे लगता है कि वे स्कॉटलैंड को काफी करीब ला सकते हैं। मान लीजिए कि स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी की और 140 रन बनाए और हमने 19.5 ओवर में इसका पीछा किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें नेट रन रेट में बड़ा नुकसान न हो।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि स्कॉटलैंड के नेट रन रेट से आगे निकलने के लिए इंग्लैंड को अपने दोनों मैच लगभग 50 रन से ऊपर के अंतर से जीतने होंगे। इसलिए यह निश्चित तौर पर संभव है कि आप मैच जीत सकते हो, लेकिन यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि इंग्लैंड की टीम आगे नहीं बढ़े।

# दोस्त की मदद के लिए कलेक्शन एजेंट ने रची थी लूट की साजिश

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** निजी फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट के साथ हुई 70 हजार रुपए की हुई लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। खुद कलेक्शन एजेंट ने ही अपने साथी के साथ मिलकर लूट की साजिश रची थी। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 36 हजार रुपए बरामद कर लिए हैं। जनपद मेरठ के थाना किठौर के गांव राधना निवासी ओसामा एक निजी फाइनेंस कंपनी में काम करता है। ओसामा गांव जाकर महिलाओं से कलेक्शन करने का काम करता है। ओसामा ने मंगलवार दोपहर को सूचना दी कि याकूबपुर मवी से दो सौ मीटर आगे बाइक सवार चार बदमाश मेरा बैग छीन कर ले गए हैं। उसने बताया कि बैग 70180 रुपए मौजूद थे। निवाड़ी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लूट के खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमों का गठन किया। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि लूट की घटना के बाद पुलिस की कई टीमों को लगाया गया। ओसामा ने पुलिस को बताया कि दो बाइक पर चार बदमाश सवार थे और लूट करने के बाद मोदीनगर की ओर भागे। एसीपी ने बताया कि जब गांव मवी से मोदीनगर तक लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए तो एक साथ दो बाइक दिखाई नहीं दीं। ओसामा बार बार बयान बदल रहा था। जब ओसामा से सख्ती से पूछताछ की तो उसने सब कुछ उगल दिया। उसने बताया कि एक अन्य निजी फाइनेंस कंपनी के मैनेजर प्रीतम सिंह उर्फ पिंटू जाट निवासी गांव खिजरपुर थाना गभाना जिला अलीगढ़ के साथ मिलकर लूट की साजिश रची थी। प्रीतम के कहने पर ही लूट की घटना को अंजाम दिया था।



### वाट्सएप कॉल से पकड़े गए आरोपी

जब पुलिस ने कलेक्शन एजेंट के मोबाइल की जांच की तो घटनाक्रम समय की सभी कॉल डिलीट थी। इसी दौरान पुलिस ने वाट्सएप चेक किया तो पता चला कि घटना के समय ओसामा ने प्रीतम से बात की थी। इसके बाद प्रीतम से पूछताछ की गई तो उसने सब कुछ उगल दिया।

# प्रधानमंत्री से की बुजुर्गों को रेल में फ्री यात्रा की मांग

**मोदीनगर,करंट क्राइम।** नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर शहर के बुजुर्गों की संस्था वरिष्ठ नागरिक संस्था ने उन्हें बधाई दी है। विश्वास जताया है कि वे शीघ्र भारत को विश्व की महान शक्ति के रूप में पहचान कायम कर पाएंगे। साथ ही अपेक्षा की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करोड़ों बुजुर्गों की जनभावनाओं का आदर करते हुए अपने तृतीय कार्यकाल में सीनियर सिटिजन्स का रेलों में पूर्व प्रदत्त रियायती रेल यात्रा सुधिवा को यथा शीघ्र पुनः बहाल करेंगे, ताकि वे (बुजुर्ग) अपने जीवन के अंतिम चरण में धार्मिक स्थलों की यात्रा कर धर्म लाभ कमा अपना परलोक सुधार सकें। पीएम को ज्ञापन भेजने वालों में संस्था के मीडिया प्रभारी सच्चिदानंद पंत के साथ संस्था के अध्यक्ष रकम सिंह दरोगा, महामंत्री रामकुमार गुप्ता सौमित्र, संरक्षक मंडल के सरदार जेएस जग्गी, रामेश्वर दयाल गुप्ता, हाजी शाहबुद्दीन, रतन सिंह पुनिया व सतीश गुप्ता के अलावा डॉ. आशाराम गुप्ता, सतेंद्र त्यागी, मास्टर बनारसी दास, एनके ग्रोवर, नरेश कुमार, वीके गुप्ता, देवेंद्र शर्मा, भगवत प्रसाद गर्ग सहित अन्य कई बुजुर्ग मौजूद रहे।

# घर में घुसकर की मारपीट, चार के खिलाफ रिपोर्ट



**मुरादनगर,करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के गांव बसंतपुर सैंतली में सड़क पर रखे पत्थर को हटाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। दंबगों ने घर में घुसकर एक परिवार के लोगों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गांव बसंतपुर सैंतली निवासी वीरेन्द्र व बिट्टू का मकान आसपास है। उनकी गली में एक पत्थर रखा हुआ है। पत्थर को हटाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट हो गई। उस समय तो वहां पर मौजूद लोगों ने मामला शांत करा दिया लेकिन थोड़ी देर बाद ही बिट्टू ने अपने साथियों के साथ मिलकर वीरेन्द्र के घर पर धावा बोल दिया।

उन्होंने घर में घुसकर जमकर मारपीट व तोड़फोड़ की। इस संघर्ष में वीरेन्द्र व उनकी पुत्री शिवानी घायल हो गई। शिवानी ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर बिट्टू ,तक्षक ,जतिन व राजेश देवी निवासी गांव बसंतपुर सैंतली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

# चला प्राधिकरण का बुलडोजर, भूमाफिया में हड़कंप



**हापुड़।**(हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण) के वीसी डॉक्टर नितिन गौड़ जिले में अवैध प्लाटिंग और निर्माण कार्य के प्रति लगातार गंभीरता बरत रहे हैं। उनके निर्देश में लगातार जिले में ध्वस्तिकरण की कार्रवाई की जा रही है। वहीं अब प्राधिकरण के सचिव/सक्षम अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में 4 जगहों पर अवैध प्लाटिंग को बुल्डोजर से ध्वस्त कराया गया है। दरअसल, HPDA (प्राधिकरण) के सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि टीम द्वारा गांव जरौठी में अजय चौधरी व वेदपाल सिंह की 12,500 वर्ग मीटर, ग्राम दोयमी-धनौरा रोड पर जयप्रकाश, सतेंद्र और अशोक की 15 हजार वर्ग मीटर, दोयमी-धनौरा रोड पर धर्मपाल की 21,000 वर्ग मीटर, काली नदी के पास एनएच-9 पर बाबूगढ़ छावनी में हार्षित बाना की 2500 वर्ग मीटर अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त कर दिया। चारों प्लाटिंग का ल्ढऊअ (प्राधिकरण) से मानचित्र स्वीकृत नहीं कराया गया था।

## उर्स मेले का पूर्व विधायक ने किया उदघाटन

**मुरादनगर,करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र स्थित ईदगाह कॉलोनी में लगने वाले उर्स मेले का पूर्व विधायक वहाब चौधरी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उर्स मेला नगर को बसाने वाले मोहम्मद मुराद गाजी रहमतुल्लाह अलेही की याद में हर वर्ष लगता है। इस मौके पर पूर्व विधायक वहाब चौधरी ने कहा कि हिंदू मुस्लिम एकता की मजबूती की मिसाल देश भर में दी जाती है। उर्स मेला हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक माना जाता है क्योंकि इस मेले को दोनों समुदाय के लोग मिलकर मनाते हैं। उर्स मेले में प्रत्येक दिन कव्वालियों व मुशायरे का आयोजन किया जाता है जिसमें देश के प्रमुख कव्वाल शामिल होते हैं। मेले के व्यवस्थापक हामिद पठान ने बताया कि मेले में बच्चों के लिए खेल खिलौने, झूले, सर्कस व अन्य मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराये गये हैं। उर्स मेला कमेटी के अध्यक्ष योगेंद्र गुप्ता, मास्टर बाबू खान ने पूर्व विधायक वहाब चौधरी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर ब्रह्मपाल सिंह , अंकित गर्ग, व्यापार मण्डल अध्यक्ष शहजाद चौधरी, नाजिम खान एडवोकेट, फतेह खान, अबसार उल हक, हैदर खान सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि उर्स मेले को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

## तीन दर्जन गांवों की चार घंटे रही बिजली आपूर्ति बाधित

**मुरादनगर,करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में रावली रोड पर बिजली की हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर एलटी लाइन पर गिर गया। इसके चलते कांकड़ा ,असालतनगर व रावली फीडर की चार घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। रावली रोड पर गुरुवार दोपहर को अचानक बिजली की हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर पास से गुजर रही एलटी लाइन पर जा गिरा। जिस कारण काकड़ा, रावली व असालतनगर स्थित बिजली सब स्टेशन से जुड़े तीन दर्जन से अधिक गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। इसके चलते चार घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। एसडीओ नितिन आन्नद ने बताया कि फाल्ट ठीक करके बिजली आपूर्ति सुचारु कर दी गई है।

## मकान मालिक ने वेतन बढ़ाने के बहाने दरिंदगी की

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक कॉलोनी में रात को वेतन देने के लिए घर पर बुलाकर घेरलू सहायिका के साथ रेप करने का मामला सामने आया है। रेप का विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट कर उसका हाथ तोड़ दिया गया। महिला ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एक गांव निवासी महिला मोदीनगर की एक कॉलोनी में एक व्यक्ति के घर पर छह साल से घरेलू सहायिका का काम कर रही है। महिला का आरोप है कि शाम जब उसने वेतन मांगा तो उसे रात को दस बजे के बाद बुलाया गया। रात साढ़े दस बजे के करीब महिला वेतन लेने के लिए पहुंची। आरोप है कि इस दौरान मकान मालिक ने महिला के साथ दुष्कर्म किया, विरोध पर महिला से मारपीट की गई। आरोपी ने महिला से कहा कि तुम अपनी पुत्रवधू को भी बुला लाओ तो और पैसे दूंगा। महिला का आरोप है कि आरोपी के परिवार के सभी लोग आ गए और मेरे साथ जमकर मारपीट की। पिटाई से उसका हाथ भी टूट गया। महिला अपने घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई। अगले दिन सुबह महिला थाने पहुंची और तहरीर दी। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।

# आतंकी हमले की सर्वत्र निंदा



**मोदीनगर,करंट क्राइम।** जम्मू कश्मीर के शिवखेड़ा से कटरा जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस पर हुए आतंकी हमले की सर्वत्र घोर निंदा की जा रही है और इसे कायरतापूर्ण एवं अति निंदनीय कृत्य बताते हुए विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, नागरिक संगठनों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, रक्षामंत्री एवं गृहमंत्री से मांग की है कि आतंकी हमले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा निर्दोषजनों से खून की होली खेलने वाले तथाकथित आतंकियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पुनरावृत्ति न हो पाए। हनुमंत कथा व्यास पं0 अरविंद्र भाई ओझा, श्रीमद् भागवत कथा व्यास पं0 देवेंद्र शास्त्री, मानस मर्मज्ञ दिनेश चंद शर्मा सहित अनेक धर्माचार्यों ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। सर्वधर्म सभा के संदीप गुप्ता, रूपचंद शर्मा, डॉ0 आशाराम गुप्ता व पं0 बसंत लाल शर्मा, शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से सुनील जैन, सुदेश जैन, संजय जैन, भारतीय योग संस्थान के मोदीनगर जिलाध्यक्ष नरेश कुमार शर्मा व वीके गुप्ता, अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं0 बीडी शर्मा, अनुप्रीत कौर आदि ने पृथक-पृथक वक्तव्यों में इस घटना को शर्मनाक, निंदनीय व दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

# पड़ोसी युवक ने युवती के साथ किया दुष्कर्म

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** घर में अकेली देखकर युवती के साथ पड़ोसी युवक ने दुष्कर्म किया। दुष्कर्म का विरोध करने पर युवती को मारपीट कर घायल कर दिया। मां को आता देखकर आरोपी मौके से धमकी देते हुए फरार हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। एक गांव निवासी महिला परिवार सहित रहती है। देर रात महिला दवाई लेने गांव के ही डॉक्टर के पास गई थी।

घर पर उनकी 20 वर्षीय पुत्री अकेली रह गई। युवती को अकेली देखकर पड़ोसी युवक दीवार फांदकर घर के अंदर आ गया। आरोप है कि युवक युवती को जबरदस्ती कमरे के अंदर ले गया और दुष्कर्म किया। जब युवती ने दुष्कर्म का विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की। युवती को इतना पीटा कि वह बदहवास हो गई। इसी बीच युवती की मां भी घर आ गई। यह नजारा देखकर महिला ने आरोपी युवक को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन आरोपी पुलिस में शिकायत करने पर मां बेटी को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

महिला ने इस संबंध में भोजपुर थाने में तहरीर दी है। एसीपी मोदीनगर ने बताया कि तहरीर के आधार पर युवक आतिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। उसकी तलाश की जा रही है। युवती का मेड़िकल परीक्षण करा लिया गया है, जल्द ही उसके मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराए जाएंगे।

# नगर निगम ने पांचों जोन में शुरू किया सम्पत्ति पैमाइश का कार्य



(पेज 1 का शेष)

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एरिया, हर्ष कंपाउंड अर्थला, आनंद इंडस्ट्रियल एरिया, मोहननगर जोन, बुलंदशहर इंडस्ट्रियल एरिया कविनगर जोन, लोहिया नगर इंडस्ट्रियल एरिया कविनगर, विजयनगर औद्योगिक क्षेत्र को अधिनियम 222 के अंतर्गत नोटिस जारी किए हैं। वसुंधरा जोन स्थित होटल, रेस्टोरेंट, अस्पताल को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। सिटी जोन में भी कई क्षेत्रों में पंचवटी आदि इलाकों में प्रॉपर्टी रिव्यू के लिए नोटिस जारी किए जा चुके हैं इसके अलावा कई सम्मानित करदाता सेल्फ एसेसमेंट करके अपना हाउस टैक्स रिव्यू कर रहे हैं।

नगर आयुक्त द्वारा शहरवासियों से अपील की गई है कि अपनी संपत्ति का सेल्फ एसेसमेंट कर गाजियाबाद नगर निगम के जोनल कार्यालय में जमा कर सकते हैं तथा अपनी संपत्ति के हाउस टैक्स को रिव्यू करा लें।




## कब लगेगा लाइन का साइन बोर्ड

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में तमाम तरीके के बजट मिलने के बावजूद भी हालात वैसे ही चल रहे हैं। चुनावी मतगणना से कुछ दिन पूर्व आंधी बारिश आई थी और पुलिस लाइन का मुख्य साइन बोर्ड टूटकर गिर गया था। पहले वह हादसे वाली स्थिति में था और हादसे को न्यौता दे रहा था। उसका झुका हुआ हिस्सा हटा दिया गया पर अब भी काफी दिनों का समय बीत चुका है लेकिन ना तो पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का इस ओर ध्यान जा रहा है ना ही लाइन के प्रभारी से लेकर अन्य साहब लोग इस ओर गंभीरता दिखा रहे हैं। वेस्टर्न यूपी के प्रमुख कमिश्नरेट में शामिल पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस लाइन का मुख्य साइन बोर्ड बीते कई हफ्तों से गायब है। इसको लेकर कोई अपनी जिम्मेदारी दिखाता हुआ नजर नहीं आ रहा है। हालांकि इस मार्ग से वह सारे अधिकारी आते जाते हैं, जो कमिश्नरेट में नंबर 1 से 2 और 3 से लेकर अपने-अपने जिलों के प्रमुख माने जाते हैं। लंबा समय बीत जाने के बावजूद भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का पुलिस लाइन का साइन बोर्ड ना लगाया जाना कई तरीके की लापरवाही भी दशार्ता है। यह दशार्ता है कि इसको लेकर कोई गंभीर नहीं है। हालांकि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को लेकर यह कोई पहला मामला नहीं है। तमाम बड़े अधिकारियों के होने के बावजूद भी यहां की व्यवस्था ढुलमुल ही चलती हैं। अब देखना होगा कि मामला कब तक संज्ञान में लिया जाता है और किस साइन बोर्ड वाले को यहां का नया बोर्ड लगाने का ठेका मिलता है। सूत्र बताते हैं की बोर्ड के मामले में पहले भी लापरवाही बरती गई थी। अधिकांश बोर्ड खस्ता हाल होने के साथ ही आंधी तूफान के आगे झुक चुके हैं। इसको लेकर लाइन वाले ऑफिस में एक साहब की नाराजगी भी सुनाई दी थी, लेकिन सिस्टम के आगे सब चल रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि इस मामले में जल्द ही अब अधिकारी संज्ञान लेते हुए यहां नया बोर्ड लगवाएंगे। बताया जा रहा है कि लाइन वाले प्रभारी भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ओवरलोड चल रहे हैं। उन पर काम की अधिकता के साथ ही प्रेशर ज्यादा है। सुनने में आया है कि वह कई बार बीमार भी हो चुके हैं। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके के मौजूदा समय में हालात बने हुए हैं, कई अधिकारी कमिश्नरेट से अपनी रवानगी होने का इंतजार कर रहे हैं। तो कई दूसरे अधिकारियों के तबादले की लिस्ट का वेट कर रहे हैं। देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को लेकर आने वाले दिनों में किस अधिकारी के लिए क्या आदेश आता है और अगर स्थिति नहीं बदलती है तो अगले समीकरण क्या बनते हैं।



# 60 चालकों के लाइसेंस किए जब्त, एसपी के आदेश पर हुई कार्रवाई

**हापुड।** मादक पदार्थों का सेवन कर लापवाही से वाहन चलाने वाले 60 वाहन चालकों के लाइसेंस यातायात पुलिस ने जब्त कर लिए हैं। लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए विभिन्न जिलों के परिवाहन अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी गई है।

### लाइसेंस होंगे निरस्त

एसपी अभिषेक वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मादक पदार्थों का सेवन कर लापरवाही से वाहन चालने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए यातायात प्रभारी निरीक्षक उपदेश कुमार को कड़े आदेश दिए गए थे। यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर ऐसे 60 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस जब्त किए हैं। इन लाइसेंस के निरस्तीकरण के लिए संबंधित जिलों के परिवहन अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी गई है। लाइसेंस निरस्तीकरण के बाद चालक भविष्य में वाहन चलाने के लिए प्रतिबंधित होंगे। आगे भी पुलिस का अभियान जारी रहेगा।



### एसपी ने की अपील

यातायात पुलिस ने लाल, नीली बत्ती, हूटर, सायरन और पुलिस प्रशासन सहित अन्य विभाग के स्टीकर लगाकर चलने वाले 32 वाहनों के चालान किए हैं। इसके साथ ही स्पीड लेजर गन के माध्यम से निर्धारित गति सीमा से तेज चलाने वाले 20 वाहनों चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई है। एसपी ने लोगों से अपील की है कि वह यातायात नियमों का पालन करें। इससे वह स्वयं तो सुरक्षित रहेंगे ही। वहीं, अन्य लोगों के लिए भी खतरा कम होगा।

# 25 से ज्यादा सेक्टरों में 5 घंटे बिजली गुल

**नोएडा।** शहर में लोग एक तरफ गर्मी और दूसरी तरफ बिजली कटौती से परेशान हैं। गुरुवार को शहर के 25 से ज्यादा सेक्टरों में करीब 4 से 5 घंटे बिजली गुल रही। लोगों ने इसकी शिकायत स्थानीय कंट्रोल रूम और टोल फ्री नंबर पर भी की, लेकिन राहत नहीं मिली। यह हाल तब है जब बिजली ढांचे को दुरुस्त करने के लिए 50 करोड़ रुपये खर्च किए जाने का दावा किया जा रहा हो। अगर इसके बाद भी लोगों को राहत नहीं मिल रही है तो इस दावे पर सवाल उठना लाजमी है। लोगों को रोस्टर के तहत दी जा रही आपूर्ति उपभोक्ताओं का कहना है कि लोगों को रोस्टर के तहत आपूर्ति दी जा रही है। एक सेक्टर की आपूर्ति बंद कर दूसरे सेक्टर की आपूर्ति शुरू की जा रही है। ऐसे में लोगों को और अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सेक्टर-62 निवासी एसएम सिंह ने बताया कि बिजली आपूर्ति का समय निश्चित नहीं है। इसके चलते बहुमंजिला सोसायटियों में रहने वाले लोगों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# पुलिस की दबिश के बाद हमला, दो बदमाशों के पैर में गोली लगी

**हापुड।** जिले की गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली पुलिस और एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम की चैकिंग के दौरान बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। बदमाशों ने पुलिस पार फायरिंग की तो जवाबी कार्रवाई में पुलिस की पैर में गोली लगने से 2 गौकश घायल हो गए। दरअसल, गढ़ सर्किल के डीएसपी आशुतोष शिवम्‌ने बताया कि गांव बागड़पुर बांगड़ी के जंगल में पुलिस को गौकशी की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर एसओजी और थाना पुलिस ने जंगल में दबिश दी तो पुलिस को देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए जवाबी कार्रवाई करते हुए बदमाशों पर फायरिंग कर दी। इस कार्रवाई में दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई और घायल होकर नीचे गिर पड़े। वहीं अन्य तीन बदमाश मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए जिनके लिए कोबिंग कराई जा रही है। डीएसपी ने बताया कि पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि 15 दिन पूर्व हुई गौकशी की घटना को भी इन लोगों के द्वारा ही किया गया था। उन्होंने बताया कि घायल बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### यह हुआ बरामद

डीएसपी ने बताया कि इनके कब्जे से अवैध असलहा जिंदा और खोखा कारतूस, पशु कटान करने के उपकरण एवं मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

पूछताछ में घायल/गिरफ्तार बदमाशों ने अपना नाम दिलशाद और भूरा बताया है।गिरफ्तार बदमाश शातिर किस्म के गौकश अपराधी है, जो गढ़मुक्तेश्वर से गौकशी के अभियोग में वांछित थे और इनके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य जिलों थानों से की जा रही है।

# ईद उल अजहा को लेकर पीस मीटिंग का आयोजन किया



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** आगामी ईद उल अजहा के त्यौहार को लेकर थाना वेव सिटी क्षेत्र थाना मसूरी परिसर व राजाजी नर्सिंग होम पर ईद को लेकर पीस मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय गणमान्य जिम्मेदार लोग, मस्जिदों के इमाम, शहर इमाम, डासना चेयरमैनपति, ग्रामों के प्रधान मौजूद रहे। बताया गया कि ईद की नमाज डासना में सुबह 7:30 बजे होगी तो वहीं क्षेत्रीय बड़ी मस्जिदों में नमाज 8:00 बजे होगी और खुले में कोई भी कुर्बानी नहीं करेगा। नगर पंचायत डासना व प्रधानों द्वारा आबादी से बाहर खड्ढे खुदवाए जाएंगे, जानवरों के अवशिष्ट गड्ढों में ही डालें जाएं। सोशल मीडिया पर कुबार्नी की किसी भी तरह की वीडियो पोस्ट ना की जाए। प्रतिबन्धित जानवरों की कुबार्नी ना की जाए अन्यथा पुलिस प्रशासन कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगा। बैठक में एसीपीवेव सिटी पूनम मिश्रा, एसीपी मसूरी नरेश कुमार, शहर इमाम डासना मौलाना जब्बार, कुंवर सौलत पाशा, डासना पंचायत अध्यक्षपति डॉ. मुजाहिद हुसैन मौजूद रहे। सभी ने भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील करते हुए कहा कि कोई भी खुले में कुर्बानी ना करे और प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी भी ना की जाये, सड़कों पर नमाज ना पढ़ी जाये,सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी ना करें।





### कोई खुले में कुर्बानी ना करे:एसीपी पूनम मिश्रा



एसीपी वेव सिटी पूनम मिश्रा ने मीटिंग में लोगों से कहा कि इस मीटिंग का उद्देश्य है कि आगामी त्यौहार को लेकर खुले में कुबार्नी ना करें, प्रतिबंधित जानवरों की कुबार्नी ना करें और नमाज सड़कों पर ना पढ़ें अन्यथा प्रशासन कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगा। त्योहार को प्यार मोहब्बत के साथ मनाएं।

### सड़कों पर नमाज ना पढ़ें:एसीपी नरेश कुमार



एसीपी मसूरी नरेश कुमार ने मसूरी थाना परिसर में क्षेत्रीय लोगों से कहा कि सभी त्यौहार भाईचारा और प्यार मोहब्बत के त्योहार होते हैं और हमें खुशी है कि मसूरी क्षेत्र के लोग अच्छे हैं सभी से अपील है कि खुले में कुबार्नी ना करें, सड़कों पर नमाज ना पढ़ें, प्रशासन का ज्यादा से ज्यादा सहयोग करें और सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की आपत्तिजनक या जानवरों की कुबार्नी की वीडियो पोस्ट ना करें अन्यथा प्रशासन मजबूरन कार्रवाई करेगा।

### हुड़दंगबाजी ना करें: सौलत पाशा



कि ईद का त्योहार खुशी का त्यौहार है हम सभी को कुबार्नी करनी है तो कुबार्नी खुले में ना की जाए और ज्यादा से ज्यादा लोग ईदगाह में नमाज पढ़ने के लिए पहुंचे और कोई भी व्यक्ति सड़क पर नमाज ना पढ़े और हुड़दंगबाजी ना करें, सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की आपत्तिजनक व कुबार्नी की वीडियो अपलोड ना करें।

### अवशिष्ट गड्डों में ही डालें: मुजाहिद हुसैन



नगर पंचायत डासना द्वारा आबादी से बाहर खड्ढे खुदवाए जाते हैं तो सभी क्षेत्रवासी कुबार्नी करने के बाद जानवरों के अवशिष्ट को खड्डों में ही डालें ताकि उन्हें पूर्ण रूप से नष्ट किया जा सके और कहा कि ईद का त्योहार खुशी और भाईचारे का त्योहार है तो सभी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाया जाएं।

### नमाज ईदगाह में पढ़ें: शहर इमाम



डासना शहरी इमाम मौलाना जब्बार ने कहा कि ईद का त्यौहार मोहब्बत और भाईचारे का त्यौहार है हमें खुशी और खुर्रम के साथ मनाना चाहिए जिस पर कुबार्नी वाजिब है उसे कुबार्नी करनी चाहिए। कुबार्नी ऐसी की जानी चाहिए कि किसी को तकलीफ ना पहुंचे और सड़कों पर नमाज ना पढ़ी जाए। नमाज का समय ईदगाह में सुबह 7 :30 बजे होगा और क्षेत्रीय मस्जिदों में 8 :00 बजे नमाज होगी आप सभी से अपील है कि ज्यादा से ज्यादा लोग नमाज ईदगाह में पढ़ें और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

# कुवैत अग्निकांड : हादसा या लालच का नतीजा ?

## आग ने लील लीं 49 मासूम जिंदगियां, इनमें 40 से अधिक भारतीय

**केरल सरकार ने मृतकों के लिए पांच लाख का ऐलान किया**

**प्रधानमंत्री की ओर से दो-दो लाख की आर्थिक सहायता**





**केरल के दो व्यापारी मृतकों को देंगे सात लाख की सहायता**

**मृतकों में 24 केरल के तो पांच तमिलनाडु के रहने वाले**

## मृतकों की पहचान के लिए करवाया जा रहा है डीएनए टेस्ट

**शवों को वापस हिंदुस्तान लाने के लिए वायु सेना स्टैंडबाय पर**

**पीएम मोदी, जयशंकर प्रसाद, राहुल गांधी ने भी जताया दुख**

**इमारत के मालिक-सुरक्षाकर्मी को गिरफ्तार करने के आदेश**

**दूतावास ने परिजनों के लिए जारी किए हेल्पलाइन नंबर**



**हादसे के वक्त सो रहे थे लोग, दम घुटने से गई कई जानें**

**जानवरों की तरह ठूंस रखा था लोगों को, बचने का मौका न मिल सका**

**कुवैत के लिए रवाना किए गए भारतीय विदेश राज्य मंत्री**

**तंग रास्ता होने की वजह से समय पर बाहर नहीं निकल पाए लोग**

# कुवैत रवाना हुए विदेश राज्य मंत्री पीएम ने किया मुआवजे का ऐलान

**कुवैत।** कुवैत में एक इमारत में भीषण आग लग गई। इस हादसे में कम से कम 49 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 40 भारतीयों की मौत की खबर है। इसके अलावा इस हादसे में कई लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह कुवैत के दक्षिणी अहमदी प्रांत के मंगफ इलाके में छह मंजिला इमारत की रसोई में आग लग गई थी। जिस इमारत में यह भीषण आग लगी, उसमें 190 से अधिक लोग रहते थे। सभी एक ही संस्थान में काम करते थे।

**भारतीय दूतावास ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर :** कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने इसे लेकर हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। दूतावास का कहना है कि इस अग्निकांड में भारतीयों की मौत के संबंध में जानकारी हासिल करने के लिए +965-65505246 हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। दूतावास की तरफ से हर संभव मदद का एलान किया गया है।

**मृतक भारतीय नागरिकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये का मुआवजा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुवैत में हुए अग्निकांड पर शोक प्रकट किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा ह्यकुवैत में आग की दुर्घटना दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं, जिन्होंने अपने परिजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। कुवैत में भारतीय दूतावास द्वारा इस घटना पर बारीकी से नजर रखी जा रही है ।ह्व पीएम मोदी ने इस हादसे में मृतक भारतीय नागरिकों के परिवारों को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये मुआवजा राशि देने की घोषणा की है।

### विदेश मंत्री जयशंकर, राहुल गांधी ने जताया शोक

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया पर लिखा, दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। जो भी घायल हैं उनके जल्द से जल्द पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करता हूं। वहीं, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि इस भयावह खबर से स्तब्ध हूं। वहीं, केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखकर कुवैत घटना में केंद्र के दखल की मांग की।

**पीएम मोदी ने बुलाई आपात बैठक :** उधर प्रधानमंत्री मोदी ने कुवैत में अग्निकांड की घटना की समीक्षा के लिए बैठक ली। बैठक में बताया गया कि हादसे में कम से कम 49 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि अधिकांश मौतें धुएं की वजह से हुईं।

# शवों को लाने के लिए वायु सेना स्टैंडबाय पर

**कुवैत।** कुवैत की इमारत में लगी आग में सबसे अधिक भारतीयों की मौत हुई। कुल 49 मृतकों में 40 भारतीय है। मृतकों के शवों की पहचान के लिए कुवैती अधिकारी डीएनए टेस्ट कर रहे हैं। इसके अलावा, भारतीय मृतकों के शव को वापस लाने के लिए भारतीय वायुसेना तैयार है । अधिकारियों ने बताया कि वायुसेना का एक विमान इसके लिए तैयार है। भारतीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निदेर्शों पर कुवैत के दौरे पर हैं।

इसके अलावा, केरल सरकार ने कहा कि कुवैत में जिन केरल के लोगों का निधन हुआ है, उनके परिजनों को पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद मुहैया कराई जाएगी। आज सुबह मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की अध्यक्षता में कैबिनेट की आपात बैठक हुई। बैठक में मुआवजे का एलान किया गया है। केरल सरकार को मिली जानकारी के अनुसार, राज्य के 24 लोगों की हादसे में मौत हो गई है। वहीं, केरल के सात लोग घायल हैं। मृतकों के अलावा, घायलों के लिए सरकार ने एक लाख रुपये की सहायता राशि देने का एलान किया है। केरल सरकार ने भी राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज को तुरंत कुवैत भेजने का निर्णय लिया है।

### केरल के कुल मृतकों को 12 लाख

राज्य के प्रमुख व्यवसायी रवि पिल्लई और एम.ए यूसुफ अली ने सीएम को बताया कि वे प्रत्येक मृतक को दो लाख और पांच लाख रुपये की सहायता देंगे। हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को कुल 12 लाख रुपये मिलेंगे।

### पीएम मोदी ने भी घटना पर जताया दुख

इसके अलावा, पीएम मोदी ने इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर गहरा दुख जताया। उन्होंने भी मृतक भारतीय नागरिकों के परिवारों के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि भी घोषित की।

### तमिलनाडु के पांच लोगों की भी गई जान

जानकारी के अनुसार, केरल के 19 लोगों के अलावा, हादसे में पांच तमिलनाडु के लोग भी शामिल हैं। तमिलनाडु के अल्पसंख्यक कल्याण और अनिवासी तमिल कल्याण मंत्री, गिंगी केएस मस्तान ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मस्तान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पीड़ित तंजावुर, रामनाथपुरम और पेरावुरानी क्षेत्र के थे। मृतकों की पहचान राम करुप्पन, वीरसामी मरियप्पन, चिन्नादुरई कृष्णमूर्ति, मोहम्मद शेरिफ और रिचर्ड के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के निदेर्शानुसार शवों को घर लाने और घायलों के लिए आवश्यक चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं।

### मृतकों में अधिकांश भारतीय नागरिक

कुवैत के फॉरेंसिक विभाग के महानिदेशक मेजर जनरल ईद अल-ओवैहान का कहना है कि मृतकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। उन्होंने बताया कि मृतकों में से अधिकांश केरल, तमिलनाडु और उत्तर भारतीय राज्यों के नागरिक थे। मृतकों की उम्र 20 से 50 साल के बीच बताई गई है।





कुवैत अग्निकांड में पीड़ितों के परिवारों को भेजे गए शोक संदेश में, अमीर ने परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना और दुख व्यक्त किया और घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की दुआ की।अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह ने आग की घटना पर अधिकारियों को जांच करने का दिया आदेश।





# कुवैती अफसरों के संपर्क में भारतीय दूतावास

## इमारत के मालिक-सुरक्षाकर्मी को गिरफ्तार करने के आदेश

**कुवैत।** कुवैत की इमारत में लगी भीषण आग के बारे में भारतीय मिशन ने घटना के बारे में कुवैती अधिकारियों से जानकारी मांगी है। वहीं, अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इमारत में कुल 195 विदेश मजदूर रह रहे थे। हादसे में 50 से अधिक लोग घायल हो गए हैं।



### दूतावास ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

घटना की जानकारी मिलते ही कुवैत में पदस्थ भारत के राजदूत आदर्श स्वैका तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। उन्होंने अस्पतालों का दौरा किया। दूतावास ने कहा कि कुवैती अधिकारी मामले में पूरा सहयोग कर रहे हैं। हम लोगों की हर संभव मदद कर रहे हैं। इधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर, विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह पार्थिव शरीर को शीघ्र वापस लाने और घायलों को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए कुवैत रवाना हो रहे हैं। विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि हमारा दूतावास प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करने के लिए स्थानीय अधिकारियों से लगातार संपर्क में है। दूतावास ने +965-65505246 (व्हाट्सएप और नियमित कॉल) हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। हेल्पलाइन के माध्यम से नियमित अपडेट प्रदान किए जा रहे हैं।

**कुवैती प्रशासन ने व्यक्त की सहानुभूति :** कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह ने पीड़ित परिवारों के प्रति दुख और सहानुभूति व्यक्त की है। उन्होंने आग लगने के कारणों की जांच करने और जिम्मेदार लोगों को सजा देने का आदेश दिया है। क्राउन प्रिंस शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-सबाह और प्रधानमंत्री शेख अहमद अल-अब्दुल्ला अल-सबाह ने भी पीड़ित परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त किया है। उप प्रधानमंत्री, रक्षा और आंतरिक मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबाह ने इमारत के मकान मालिक और इमारत के के गार्डों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि वे उन्हें बिना उनकी अनुमति के रिहा नहीं कर सकते।

### आखिर आग कैसे लगी?

आग किचन से फैली। बताया जा रहा है कि सिलेंडर में विस्फोट होने के बाद आग पूरी इमारत में फैल गई। हादसा स्थानीय समयानुसार सुबह छह बजे के करीब हुआ।

# बेटी को कॉलेज में दाखिला दिलाना था लेकिन आग की चपेट में आ गए सुपरवाइजर लुकोस

**कुवैत।** एक ऐसा मैकेनिक जो सुपरवाइजर बन गया, एक इलेक्ट्रीशियन जिसने अकाउंटेंसी सीखी, सब अब इस आग के हवाले हो गए और अधूरे छोड़ गए कुछ ख्वाब और उम्मीदें। मारे गए लोगों में 48 साल के वडक्कोट्टुविलायिल लुकोस भी थे, वह बतौर सुपरवाइजर ग्रुप के साथ काम कर रहे थे। उन्हें इस ही महीने केरल वापस आकर अपनी बेटी का कॉलेज में एडमिशन कराना था।



लुकोस केरल में कोल्लम के आदिचनल्लूर पंचायत से थे और पिछले 18 सालों से कुवैत में रह रहे थे। पंचायत के एक सदस्य एल शाजी ने बताया कि उन्हें अपनी सबसे बड़ी बेटी लिडिया के कॉलेज एडमिशन के लिए अगले महीने घर आना था, जिसने सभी विषयों में ए-प्लस के साथ 12वीं पास की थी। लुकोस उसके नतीजों बहुत खुश थे। वह कुवैत जाने से पहले अपने घर पर मैकेनिक का काम करते थे ।उनके परिवार में उनकी पत्नी शाइनी और दो बेटियां हैं।

### घर आने वाले थे रंजीत

आग के हवाले हुए 33 साल के रंजीत के साथ अकाउंटेंट के तौर पर काम कर रहे थे। उनके एक दोस्त ने बताया कि वह छुट्टी पर थे लेकिन उनका टिकट नहीं बन पा रहा था तो वहीं लेबर कैंप में ही रुक गए। रंजीत की शादी नहीं हुई थी, वह पिछले 10 साल से कुवैत में थे। वह पेशे से इलेक्ट्रीशियन थे और अकाउंटेंट के पद पर जाने से पहले एनबीटीसी के कैटरिंग सेक्शन में शामिल काम करते थे। उनके दोस्त शिवप्रसाद ने बताया कि वह दो साल पहले घर आए थे जब उनका नया घर बना था। इस बार वह आकर शादी करने वाले थे।

30 साल के शमीर उमरुद्दीन की भी मौत हो गई है। वह कोल्लम के सस्थमकोट्टा के रहने वाले थे और एनबीटीसी ग्रुप में ड्राइवर के तौर पर काम कर रहे थे। उनके रिश्तेदार सावद ने बताया कि वह पिछले पांच सालों से फर्म में काम पर थे। कुवैत जाने से पहले वह कोल्लम में भी ड्राइवर थे। शमीर आठ महीने पहले केरल आए थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी सुरुमी और माता-पिता उमरुद्दीन और सबीना हैं। उनकी शादी तीन साल पहले हुई थी और वह परिवार चलाने के लिए संघर्ष कर रहे थे।

इमारत में आग लगने से मारे गए लोगों में केरल का शमीर उमरूद्दीन भी शामिल है। शमीर के रिश्तेदारों ने कहा कि हो सकता है कि वह घबराहट में फ्लैट से कूद गया हो। व्यांकारा (शूरानाडु-कायमकुलम मार्ग) निवासी समीर कुवैत में ड्राइवर के रूप में काम करता था।

# महापौर ने किया बुलंदशहर औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण, सुनी उधमियों की समस्या

## मेक इन इंडिया के अंतर्गत गाजियाबाद में हो रहा है उधमियों द्वारा बड़े पैमाने पर कार्य





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल ने बुलंदशहर इंडस्ट्रियल एरिया के उद्यमियों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। कई दिन से इंडस्ट्रियल एरिया मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन के पदाधिकारी महापौर से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराना चाहते थे,मगर उस वक्त उनके आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा जब महापौर सुनीता दयाल स्वयं उद्योगपतियों की समस्या सुनने के लिए इंडस्ट्रियल एरिया में ओरियनप्रो तोशी ऑटोमेटिक सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड पहुंच गईं और उद्यमियों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना। उधमियों ने महापौर को अपने औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया जिसमें गृहकर बढ़ोतरी, क्षेत्र में अतिक्रमण, सड़क निर्माण,कूड़ा निस्तारण, सफाई कर्मचारियों की पूर्ति, श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क का सौन्दर्यीकरण की समस्याएं प्रमुख थीं। महापौर ने उन्हें आश्वासन दिया कि गृहकर को बढ़ने नहीं दिया जाएगा,सदन की बैठक में इस पर अमल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लालकुआं पर नाला निर्माण कार्य चल रहा है जिससे क्षेत्र में जल निकासी की समस्या खत्म हो जाएगी और श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क का उनके द्वारा निरीक्षण किया गया था वहां 70 लाख की लागत से जीणोद्धार का कार्य किया जा रहा है। महापौर ने उद्यमियों को बताया कि नाले की सफाई आदि का कार्य भी चल रहा है जिसको और तेजी लाई जायेगी,बाकी अन्य समस्याओं पर योजना बनाई जाएगी। महापौर ने ओरियनप्रो तोशी ऑटोमेटिक सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड का भी निरीक्षण किया जिसमें मेक इन इंडिया के अंतर्गत विदेशों तक ऑटोमेटिक मैट्रो के गेट एवं टिकट वेंडिंग मशीन बनाकर सप्लाई की जाती हैं। गाजियाबाद में इस प्रकार की कंपनी है।

जो आज भारत मे ही नही विदेशों में भी नाम हो रहा है जिसके लिए महापौर ने सभी उधमियों को शुभकामनाएं भी दी। इस मौके पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों सुशील अरोड़ा,संजीव सचदेव,सुरेन्द्र अरोड़ा, सौरभ मित्तल,अशोक अरोड़ा,दीपक शर्मा,रोहित चुग,अशोक गुलाटी,अनिल तनेजा,कपिल जैन,मुकेश शर्मा,केजी अग्रवाल, वरिष्ठ उधमी रंजीत आनंद,आर के शर्मा,संजीव साहनी,उपेन्द्र गोयल,संजीव अरोड़ा द्वारा महापौर का भव्य स्वागत किया।

# जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूह के लम्बित खातों पर नाराजगी जताई



## 30 जून तक 100 प्रतिशत कार्य करने के निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने डे-एन.यू.एल.एम. योजना के अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह के खाता खोले जाने की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान केनरा बैंक के स्तर पर अत्यधिक खाते लम्बित होने के कारण जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी बैंकर्स को 30 जून तक सभी स्वयं सहायता समूह के खाते खोले जाने के निर्देश दिये। बैठक में अनुपस्थित शाखा प्रबन्धक एवं जिला समन्वयक को प्रातः 10 बजे उनके कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिये गये। इसके अलावा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अन्तर्गत बैंकों में प्रथम ऋण, द्वितीय एवं तृतीय ऋण के आवेदनों को स्वीकृत करने के भी निर्देश दिये गये। स्वनिधि से समृद्धि योजना के अन्तर्गत भी जिन निकायों की प्रगति कम थी, उन निकायों को भी 30 जून तक 100 प्रतिशत प्रोफाइलिंग करने तथा प्रतिदिन प्रगति की सूचना डूडा कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा गया। बैठक मेंअपर नगर आयुक्त अरुण कुमार, परियोजना अधिकारी डूडा सहित कैनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, एसबीआई, इंडियन बैंक, एसएनबी, यूबीआई, पंजाब एण्ड सिंध बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीस बैक व अन्य बैंकों सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक समय भगवा गढ़ की राजनीति में खूब मजबूत हुई थी यशपाल भाटी की लाठी ? वेस्टर्न वाली ओबीसी टीम में भी मिला था उनको बहुत बड़ा पद ? लेकिन जैसे जैसे राजनीति का दौर आगे बड़ा, वैसे वैसे सीमित कर ली भाटी जी ने अपनी हद ? अब बिल्कुल भी नहीं होते है सक्रिय राजनीति में उनके दीदार ? लगता है व्यापार में लगा लिया है अपना उन्होंने पूरा मन, फि लहाल राजनीति को लेकर डाल दिए है हथियार ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि सांसद जी के घर सी ही दूर कुछ दूरी पद है उनकी ही बिरादरी वाले बड़े नेता का घर ? घर भले ही नजदीक हो ? मगर यहाँ पर दिख रहा है दूरियों का बहुत ज्यादा असर , जब से मिली है गर्ग साहब को लोकसभा में शानदार वाली जीत ? तब से बिरादरी के ताकतवर चेहरे बधाई देने के लिए नहीं गए है उनके नजदीक ? मिलकर बधाई ना देने का ये मामला कर रहा है दूरियों की तस्दीक ? बाक ी न्यू भगवा नेता पंकज शर्मा जी के अनुसार बाक ी सब है ठीक ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बता रहा हूँ अंदर की बात ? उदिता मैडम के दिल में भी है विधायक बनने के जज्बात ? शायद बहुत ही कम लोगों को है ये जानकारी ? अपनी दावेदारी को लेकर पार्टी के मजबूत चेहरों से है उनकी मुलाकातें जारी ? वैसी भी अब महिला मोर्चा वाली ताकत है उनके पास ? देखना अब ये है कि भाजपा मैं आने के बाद लगातार तरक्की की मुहिम पर आगे बढ़ रही मैडम त्यागी क्या भेद पायेंगी विधानसभा का दाँव ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप ये मत कहो कि भगवा गढ़ के एक महामंत्री को इस बार लोकसभा चुनाव में मिली है अपने बूथ पर हार ? हम आपके सामने ला रहे है एक और विचार ? सिर्फ.लोकसभा चुनाव में ही नहीं हर चुनाव में भाजपा को मिलती है उनके बूथ पर हार ? अब आप इसमें कब तक महामंत्री की कमी निकलोगे ? जब इनके मोहल्ले की जानता है ही नहीं भाजपा को वोट देने के लिए तैयार ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि लगता है अब भगवा जीजा जी ने छोड़ दी है सोशल चौकीदारी? हूँ देख रहे है काफी दिनों से कि चौकीदारी को लेकर नहीं हो रहा उनका कोई भी कि स्सा जारी ? या तो ले लिए है उन्होंने अपनी इस निगरानी वाली मुहिम से संन्यास ? या फिर कुछ बड़ा करने की योजना बना रखें है भगवा वालों के भाईसाहब ? हम तो चाहते है उनको पहले की तरह रखनी चाहिए अपनी मुहिम जारी ? जरूरतमंदों के बहुत काम अति थी उनकी सामाजिक चौकीदारी ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि लोकसभा चुनाव के दौरान गर्ग साहब को किया हुआ था पार्टी के एक वैश्य और एक ठाकुर चेहरे ने बहुत ज्यादा हैरान ? ये दोनों चेहरे वोटिंग होने बाद बस पच्चीस और पचास हजार से ही जीता रहे थे उनको चुनाव ? गर्ग साहब को बहुत अजीब लग रहा था इन चेहरों का उनसे लगाव ? सुना है इस तरह का आंकलन करने वाले ठाकुर साहब को माननीय जी और वैश्य नेता को किया था बंसल जी ने फोन ? तब कहीं जाकर इन्होंने जीत का आंकड़ा एक लाख के पार पहुँचाया ? दिल पर पत्थर रखकर बड़ी मुश्किल से बदली दोनों ने टोन ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गढ़ के गर्ग साहब भले ही ताकतवर गर्ग साहब से कितनी ही कोशिश करें नजदीकी बढ़ाने की ? मगर वो अपनी इस मुहिम में कभी भी नहीं हो पायेंगे कामयाब ? हमे बैठे थे ताकतवर गर्ग साहब के खास चेहरों के बीच में ? उनके तो इन गर्ग साहब को लेकर थे कुछ और ही भाव ? कहने वाले कह रहे थे वो भले ही अब करके दिखायें अपनेपन का नाटक ? हमे पता है इन्होंने हमारे चुनाव में फली भी नहीं फोड़ी ? अब नहीं खोल पायेंगे हम इनके लिए अपने दिल के फाटक ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं हुआ उस वक्त बहुत ज्यादा हैरान ? जब गर्ब साहब के प्रिय मित्तल और गर्ग( नीले से भगवा हुए चेहरे ) लेकर पहुँचे भगवा कमांडर के पास अपने खास चेहरे का काम ? इन दोनों खास चेहरे को देखकर हमारा मन उठा रहा था बार बार एक सवाल ? जब ये दोनों गर्ग साहब से कहकर अपने खास का काम करा सकते थे ? तो फिर इन्होंने क्यों बना ली वहाँ से दूरी ? ये सीन देखकर फिर मेरे दिल ने मुझको बताई एक ज्ञान वाली बात ? कहा चाहते तो ये दोनों साहब के पास भी चले जाते ? इसलिए ये वहाँ पर नहीं गए, क्योंकि ये दोनों जानते है की मुद्दा बताते ही गर्ग साहब करते है दो हाथ आगे की बात ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं कहीं बैठा था वहाँ पर चल रहा था हाथ और साइकिल वाले नेताओं के बीच में काफी तर्क ? शहर विधानसभा के उप चुनाव को लेकर हो रही थे तमाम चेहरों को लेकर चर्चा ? इस चर्चा में जो नाम सामने आ रहा था उस पर हो रहा था बार बार विवाद ? लेकिन जैसे ही इस चर्चा में किसी ने सपा के वरिष्ठ नेता अभिषेक गर्ग का नाम रखा? तो आ गई सबके चेहरों पर सुकून वाली मुस्कुराहट ? यहाँ पर अचानक विवाद हो गया शांत ? सबने एक सुर में गर्ग साहब के नाम का माना वजूद ? सब मिलकर बोले ये ही वो चेहरा जो अपने व्यवहार के दम पर चुनाव लड़ सकता है मजबूत ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्रांतिकारी विधानसभा में अब किसी भी बड़े नेता का दिल खोलता ही नहीं ? सिर्फ.यहाँ से आती है अब बस क्रांतिकारी जनप्रतिनिधि और क्रांतिकारी जाट नेता की आवाज ? इन दोनों के अलावा यहाँ से कोई बोलता ही नहीं ? कहने वाले ने कहा, इन सब की ये खामोशी भी दर्ज कर रही है यहाँ पर एक अलग ही इतिहास ? कहने वाले ने कहा, जो तटस्थ है समय लिखेगा उनका भी अपराध ?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## जल निगम के नगरीय कार्यालय में भ्रटाचार का खुला खेल: वीरेंद्र सारस्वत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश जल निगम कार्यालय नगरीय में भ्रटाचार की जड़ें दिन पर दिन मजबूत होती जा रही हैं। कुछ अधिकारियों द्वारा अपने खासमखास लोगों पर मेहरबानियां की जा रही हैं, चहेतों को लाभ वाले पदों से नबाजा जा रहा है। यह कहना है भाजपा उत्तर प्रदेश सहकारिता क्रय विक्रय समिति के चेयरमैन वीरेंद्र सारस्वत का। वीरेंद्र सारस्वत का कहना है कि उत्तर प्रदेश जल निगम के नगरीय कार्यालय में अधिकारियों की मनमानी का खुला खेल चल रहा है। श्री सारस्वत का कहना है कि अधिकारियों द्वारा अपने चहेते बाबुओं को लाभ पहुंचाने के लिए विभाग के दूसरे नगरीय कार्यालय में शिफ्ट कराने की तैयारी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रधान सहायक महेंद्र सिंह कई वर्षों से गंगाजल कार्यालय में तैनात हैं। सारस्वत का कहना है कि महेंद्र सिंह अकेले ही सभी सीटों का कार्य देख रहे हैं। प्रधान सहायक ईश्वर सिंह वाईएपी जल निगम कार्यालय में कई वर्षों से कैशियर के पद पर तैनात थे। अपनी तैनाती के दौरान ईश्वर सिंह द्वारा ठेकेदारों को लाभ पहुंचाया गया, जिसकी विभागीय जांच में ईश्वर सिंह दोषी पाये गये। दोषी पाये जाने के बाद उन पर विभाग ने थाना गढ़मुक्तेश्वर में मुकदमा कराया परन्तु वर्तमान में ईश्वर सिंह द्वारा कार्यालय दिल्ली जल सम्पूर्ति रखरखाव इकाई उ.प्र. जल निगम नगरीय कार्यालय गाजियाबाद में कैशियर से संबंधित महत्वपूर्ण सीट का कार्य अधिकारियों की कृपा से किया जा रहा है। वीरेंद्र सारस्वत ने जल निगम के इस भ्रष्टाचार के पूरे प्रकरण को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक भी पहुंचा दिया है। श्री सारस्वत का कहना है कि योगी आदित्यनाथ की सरकार में कहीं भी कैसे भी भ्रटाचार को पनपने नहीं दिया जायेगा।

# कविनगर जोन में चला प्लास्टिकमुक्त अभियान, 2 लाख की हुई वसूली







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर नगर निगम लगातार प्लास्टिकमुक्त अभियान के रूप में कार्य कर रहा है।

इसी क्रम में कविनगर जोन द्वारा प्रवर्तन दल की टीम ने स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर कार्रवाई की जिसमें आरडीसी राजनगर, सेक्टर 23 संजयनगर के मार्केट एरिया से लगभग 5 किलो से अधिक पॉलिथीन को जब्त किया गया, साथ ही 2लाख 30 हजार का जुमार्ना भी वसूला गया। तंदूर को कराया बंद अभियान के दौरान टीम द्वारा जहां प्लास्टिकमुक्त अभियान चलाया गया वहीं खुले में जलाये जा रहे तंदूरों को भी बंद कराया गया।

लगभग 13 रेस्टोरेंट, होटल, ढाबों पर खुले में चल रहे तंदूर को बंद कराया गया और जुर्माना वसूलने की कार्रवाई भी की गई। टीम ने कार्रवाई के दौरान दुकानदारों से डस्टबिन रखने की अपील भी की एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक का बहिष्कार करने के लिए जागरूक किया गया।

नगर आयुक्त द्वारा शहरवासियों से प्लास्टिक का पूर्ण बहिष्कार करने की अपील की है।

# स्वीट्स की दुकानों के चिकने पानी से हो रही हैं शहर की सीवर लाइनें चोक

(पेज 1 का शेष)

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्लांट) लगाया जाता है जिसमें चैम्बर बनाकर प्लांट चलाया जाता है और वह प्लांट चिकनाई को अलग कर देता है, तब वेस्ट पानी को सीवर में डाला जाता है जिससे भविष्य में कभी भी सीवर लाइन चोक नहीं होती है जबकि उपरोक्त स्थानों पर ऐसी व्यवस्था किसी भी स्वीट्स वाले ने नहीं कर रखी थी। महापौर ने अधिकारियों को ऐसे सभी दुकानदारों को नाटिस भेजने के निर्देश दिये हैं जिन्होंने ईटीपी नहीं लगाया हुआ है। मेयर सुनीता दयाल ने सभी प्रतिष्ठान मालिकों से कहा है कि वह अपने यहां ईटीपी जल्द से जल्द लगवाएं जिससे शहर की जनता को ही फायदा होगा, क्योंकि सीवर जाम होने से शहर में ही ओवरफ्लो की स्थिति बनेगी,इसलिए यह प्लांट अवश्य लगवा लें, यह शहर हित का कार्य है जिसको करने में किसी को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

### शहर के कई बड़े मिष्ठान भंडारों का चिकना पानी डाला जा रहा है सीवर में





**करंट क्राइम।** शहर के नामी बड़े मिष्ठानों का चिकनाईयुक्त पानी सीधा सीवर में बहाया जा रहा है जिससे सीवर लाइनें चोक हो चुकी हैं। सीवर में जाने वाला गंदा पानी सड़कों पर बहने के साथ साथ सीधा लोगों के घरों तक पहुंचने की नौबत आ चुकी है। इस कार्य को करने में बड़े स्वीट्स प्रतिष्ठान महत्वपूर्ण रोल अदा कर रहे हैं।

### अधिकांश मिष्ठान भंडारों पर नहीं लगा है एफलवेंट ट्रीटमेंट प्लांट





**करंट क्राइम।** नगर निगम द्वारा जितने भी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया उनमें किसी एक पर भी ईटी पी लगा हुआ नहीं पाया गया। यही कारण है कि जितना भी चिकना पानी नालियों के जरिये बहाया जाता है वह सीधा सीवर में जाकर उसे चोक कर देता है। एफलवेंट ट्रीटमेंट प्लांट की यह खासियत है कि वह चैम्बर बनाकर चलाया जाता है। यह प्लांट पानी से चिकनाई को अलग कर देता है। प्लांट के जरिये चिकनाई अलग करके वेस्ट को बहाया जाये तो सीवर चोक नहीं होंगे। महापौर सुनीता दयाल ने शहर सभी ऐसे प्रतिष्ठान मालिकों से तत्काल ईटीपी व्यवस्था को लागू करने करे कहा है।

## चिन्टू जी




चिंटू जी : एमएलसी दिनेश गोयल जी आपके घर से सात घर छोड़कर किसका घर है ।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# प्रदीप चौहान ने विधायकों की सुरक्षा बहाली की मांग मुख्यमंत्री से की







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा उ.प्र. के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप चौहान वाल्मीकि ने मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी और लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर की सुरक्षा हटाने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि विधायक आम जनता के बीच रहकर आम जनता के लिए संघर्ष करते रहते हैं ऐसे में उनकी सुरक्षा का हटाया जाना किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है। प्रदीप चौहान ने कहा है कि विधायकों से उनकी सुरक्षा वापस लेना उनकी जान को खतरे में डालने जैसा है। भाजपा नेता प्रदीप चौहान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विधायक अजीत पाल त्यागी और विधायक नंदकिशोर गुर्जर की पूर्व की भांति सुरक्षा बहाल करने की मांग की है ताकि विधायक स्वतंत्र होकर आम जनता की सेवा कर सकें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विधायकों की महती भूमिका होती है, विधायकों की सुरक्षा का मुद्दा उनकी गरिमा से जुड़ा होता है इसलिए सुरक्षा बहाल कर उनकी गरिमा को बनाये रखा जाये।










**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीतिक शिष्टाचार कोई पूर्व पार्षद हिमांशु लव से सीखे। पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके व्यक्तिव की जमकर तारीफ की। सियासत में ये अदब ये तहजीब आज लुप्त हो रही है। सरकार बाद की चीज है लेकिन शिष्टाचार पहले है। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।